DELHI CRIME 05 sep 2022:Layout 1 9/4/2022 8:09 PM Page 1

निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र विचार व अपराध निरोधक मुख्य हिन्दी राष्ट्रीय समाचार पत्र

# दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा

DELHI CRIME WA BHRASHTACHAR VIRODHI MORCHA

Website- Delhicrimepress.in
Email-info@delhicrimepress.in

RNI No. DELHIN/2005/15378 | DCP Lic. No. F-2(D-9)PRESS/2005 | वर्ष-01 | सोमवार 05 सितंबर 2022 | पीडीएफ अंक-138 | पृष्ठ-8 | मूल्य-निःशुल्क

### मौसम

अधिकतम –37 | सूर्योदय – 6 : 01
न्यूनतम – 27 | सूर्यास्त – 6 : 39

### सोना चांदी

मुद्रा बाजार बंद

### अर्थसार

साप्ताहिक शेयर बाजार रहा बंद

### न्यूज फ्लैश

## साइरस मिस्त्री का निधन वाणिज्य और उद्योग जगत के लिए बड़ी क्षति : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टाटा समूह के पूर्व चेयरमैन साइरस मिस्त्री के निधन को वाणिज्य और उद्योग जगत के लिए एक बड़ी क्षति बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट संदेश में कहा, साइरस मिस्त्री का असामयिक निधन स्तब्ध करने वाला है। वह एक होनहार व्यवसायी नेता थे जो भारत की आर्थिक शक्ति में विश्वास करते थे। उनका निधन वाणिज्य और उद्योग जगत के लिए एक बड़ी क्षति है। उनके परिवार तथा मित्रों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। उल्लेखनीय है कि साइरस मिस्त्री का आज मुंबई से सटे पालघर में एक सड़क हादसे में निधन हो गया।

## गुजरात एटीएस ने दिल्ली से बरामद की 4 किलो हेरोइन, अफगानी तस्कर गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने दिल्ली के वसंतकुंज इलाके से 4 किलो हेरोइन बरामद करने के साथ ही अफगानी नागरिक वदिउल्लाह रहीमुल्ला को गिरफ्तार किया है। इंटरनेशनल मार्केट में इस होरोइन की कीमत लगभग 20 करोड़ रुपये बताई जा रही है। गुजरात एटीएस ने रविवार को गुजरात पुलिस को सूचित किया कि उसने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के पॉश इलाके वसंत कुंज इलाके से एक अफगान नागरिक को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 4 किलो हेरोइन बरामद हुई जिसकी इंटरनेशनल मार्केट में 20 करोड़ रुपये कीमत बताई गई है। पकड़े गए अफगानी तस्कर की पहचान वदिउल्लाह रहीमुल्ला के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि गुजरात एटीएस ने सूरत क्राइम ब्रांच यूनिट की सूचना के आधार पर वदिउल्लाह रहीमुल्ला को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पिछले कुछ वर्षों से गुजरात के समुद्री तट से मादक पदार्थों की बरामदगी का सिलसिला बढ़ रहा है। मादक पदार्थों की तस्करी पर एटीएस कड़ी नजर रख रही है। हाल ही में वडोदरा में एक कारखाने से 200 किलो ड्रग्स पकड़ी गई थी, जिसका बाजार मूल्य 1000 करोड़ से अधिक बताया गया है। गुजरात एटीएस की निगरानी के बावजूद विदेशों से आने वाले कार्गो के जरिये देश के समुद्र तटों में ड्रग्स की तस्करी की जा रही है। अधिकांश खेपों को इंटरसेप्ट करने और ड्रग पेडलर पकड़े जाने के बावजूद उनके मास्टरमाइंड का पता नहीं लग पा रहा है। पिछले साल सितंबर के महीने में गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पर जब्त की गई 3 हजार किलो ग्राम हेरोइन के मामले में एक हफ्ते पहले एनआईए ने देश में 20 जगहों पर छापेमारी की थी। दिल्ली में 20, गुजरात में 2, पंजाब में 1 और पश्चिम बंगाल में 3 जगहों पर छापेमारी में एक नामी कारोबारी समेत 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

## युवक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने छोड़ी पार्टी, पद देने के लिए डेढ़ करोड़ रुपये लेने का लगाया आरोप

**अहमदाबाद।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सोमवार को प्रस्तावित अहमदाबाद दौरे से एक दिन पहले गुजरात कांग्रेस को दोहरा झटका लगा। युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह वाघेला ने अपने पद से इस्तीफा दिया है। साथ ही उन्होंने अपने इस्तीफे में गंभीर आरोप लगाया कि उन्हें युवक कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष बनाने के लिए उनसे डेढ़ करोड़ रुपये लिए गए थे। इसके अलावा रविवार को ही कांग्रेस पार्टी नेता व पूर्व गृह मंत्री नरेश पटेलरावल और पूर्व सांसद राजू परमार जैसे दिग्गज नेताओं ने कांग्रेस को छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। रविवार को युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह वाघेला ने पार्टी अध्यक्ष को सात पन्नों का पत्र लिखकर अपना इस्तीफा भेज दिया है। गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले वाघेला के इस्तीफा और गंभीर आरोप से एक बार फिर राज्य में सियासत का पारा चढ़ गया है। रविवार को विश्वनाथ सिंह ने एक प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि युवक कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष बनाने के लिए उनके साथ डेढ़ करोड़ रुपये का सौदा किया गया। कांग्रेस में कोई भी पद लेने के लिए नकद लेनदेन होता है। उन्होंने कहा कि मैंने चुनाव लड़ा और जीता। मेरे कुलीन वर्ग में किसी ने राजनीति में प्रवेश नहीं किया। कई नेताओं ने मुझे हराने की बहुत कोशिश की। आज मैंने अपनी अपने पद से इस्तीफा दे दिया। वाघेला ने अपने त्यागपत्र के सात पन्नों में कांग्रेस पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में आने का कारण सिर्फ इतना था कि स्कूलों में पढ़ाया जाता था कि देश को आजादी दिलाने में कांग्रेस के कई नेताओं का बहुत बड़ा योगदान था। लेकिन देश की आजादी के बाद कई नेताओं को पीछे छोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि इस्तीफा देने से चार दिन पहले मैंने कृष्णा और श्रीनिवास को मैसेज किया। अब उन्होंने मेरे फोन उठाना बंद कर दिया है। विश्वनाथ ने दावा किया कि पिछले दस साल से पार्टी में गुटबाजी चल रही है।

# शिक्षकों के सद्प्रयासों से नई उपलब्धियां हासिल करेगा भारत : राष्ट्रपति मुर्मू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर देश भर के शिक्षकों को बधाई दी और कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि शिक्षकों के सद्प्रयासों से भारत शिक्षा के क्षेत्र में नित नई उपलब्धियां हासिल करेगा। राष्ट्रपति ने एक संदेश में कहा, "शिक्षक दिवस के अवसर पर, मैं पूरे देश के शिक्षक समुदाय को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। उन्होंने कहा कि यह अवसर महान शिक्षक-दार्शनिक और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एस राधाकृष्णन की जयंती का प्रतीक है। मैं उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। वह उन सभी शिक्षकों के लिए एक प्रेरणा हैं जो छात्रों में ज्ञान के अलावा, मानवीय मूल्यों को स्थापित करने का प्रयास करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे शिक्षक लगातार नए शोध, प्रयोगों और नवाचारों के माध्यम से अपनी क्षमताओं और दक्षता में सुधार करने का प्रयास कर रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के माध्यम से हमारी शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन लाया जा रहा है। यह हमारी शिक्षा प्रणाली में भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों और भाषाओं को शामिल करने के अवसर भी प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि मेरी कामना है कि शिक्षा के पुनीत कार्य में और भी योग्य प्रतिभाएं जुड़ें। मैं फिर से सभी शिक्षकों को अपनी शुभकामनाएं देती हूं। उनके प्रयासों से ही जिम्मेदार नागरिक सामने आते हैं, जो हर संभव तरीके से राष्ट्र के कल्याण के लिए काम करने के लिए तैयार रहते हैं।

## प्रधानमंत्री आज राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2022 के विजेताओं से करेंगे बातचीत

**नई दिल्ली।** शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 5 सितंबर को शाम 4:30 बजे सात लोक कल्याण मार्ग पर राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार- 2022 के विजेताओं से बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने रविवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार का उद्देश्य देश के बेहतरीन शिक्षकों के अद्वितीय योगदान को सेलिब्रेट करना और उनका सम्मान करना है, जिन्होंने अपनी प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत से न केवल स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया है बल्कि अपने छात्रों के जीवन को भी समृद्ध किया है। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार, प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत मेधावी शिक्षकों को सार्वजनिक मान्यता प्रदान करता है। इस पुरस्कार के लिए इस साल देश भर से 45 शिक्षकों का चयन, तीन चरण की एक कठोर और पारदर्शी ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया है।



## उपराष्ट्रपति ने धर्मगुरुओं से किया लोगों को अंग दान के लिए प्रेरित करने का आग्रह




**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने धर्मगुरुओं और मीडिया से देह दान और अंग दान को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों को दूर कर उन्हें अंगदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उपराष्ट्रपति रविवार को दधीचि देह दान समिति द्वारा आयोजित स्वस्थ सबल भारत सम्मेलन देह-अंग दान के लिए राष्ट्रीय अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देह दान और अंग दान एक संवेदनशील मसला है। इस दिशा में दधीचि देह दान समिति द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए, उपराष्ट्रपति ने कहा कि समिति ने देह और अंग दान के प्रति समाज में स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं, यह संदेश परिवार के स्तर तक पहुंचाना जरूरी है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि इस अभियान में मीडिया और सोशल मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मीडियाकर्मी को समाज के हित के लिए इस संदेश का प्रसार करने में अपना योगदान देना ही चाहिए। उपराष्ट्रपति ने अंग दान के लिए आवश्यक संरचनात्मक तंत्र स्थापित करने पर विशेष बल दिया। आज महर्षि दधीचि की जयंती पर सबको शुभ कामनाएं देते हुए उपराष्ट्रपति धनखड़ ने लोगों से महर्षि के जीवन और जीवन संदेश को अपने जीवन में अपनाने का आग्रह किया।

# ब्रिटिश जमाने के रूढ़िवादी मॉडल में बदलाव जरूरी, जेलों का होगा आधुनिकीकरण : अमित शाह



**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार आने के बाद वर्षों पुराने कई मॉडल बदल दिए गए हैं। ब्रिटिश काल की जेलों को भी नए मॉडल से बदल दिया गया है। जेलों का आधुनिकीकरण करने के साथ-साथ उनमें योग, ध्यान, पुस्तकालय, सुंदर परिवेश और बुनियादी अस्पताल सुविधाओं के साथ जेलों में उपयुक्त वातावरण सृजित करने पर अधिक बल दिया गया है। केंद्रीय मंत्री शाह रविवार को सुबह चार स्मार्ट स्कूलों का शुभारंभ करने के बाद छठी 'ऑल इंडिया प्रिजन ड्यूटी मीट' का उद्घाटन करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। पहले सत्र में गुजरात पुलिस जेल विभाग और पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो शामिल हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार आने के बाद वर्षों पुराने कई मॉडल बदल दिए गए हैं। ब्रिटिश काल की जेलों को भी नए मॉडल से बदल दिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि देश में जेलों को नकारात्मक माना जाता है, जबकि यहां पर क्विज, स्वच्छता, जेल, वॉलीबॉल, कंप्यूटर, कबड्डी, दौड़ और उच्च कुल सहित कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जेलों का आधुनिकीकरण करने के साथ-साथ योग, ध्यान, पुस्तकालय, सुंदर परिवेश और बुनियादी अस्पताल सुविधाओं के साथ उपयुक्त वातावरण सृजित करने पर अधिक बल दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी राज्य जल्द से जल्द नए सुधार मॉडल को अपनाएं जाए। नए जेल मॉडल में फांसी के सजायाफ्ता कैदियों के अधिकार के बारे में भी जानकारी दी गई है। उन्होंने हर जेल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा स्थापित करने पर भी जोर दिया। अखिल भारतीय जेल ड्यूटी मीट का आयोजन पहले तेलंगाना राज्य में 2016 में किया गया था। अब 2022 में यह बैठक अहमदाबाद में की जा रही है। इसमें आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले अधिकारियों और कर्मियों को ट्राफी और प्रशस्ति पत्र भी दिया जाएगा।

# महंगाई और बेरोजगारी के कारण देश में बढ़ रही है नफरत : राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को महंगाई और बेरोजगारी को लेकर केन्द्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी के डर के कारण लोगों में नफरत बढ़ रही है। नफरत से देश को फायदा नहीं होता, बल्कि इससे देश कमजोर ही होता है। वायनाड से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आज दिल्ली के रामलीला मैदान में पार्टी द्वारा आयोजित 'महंगाई पर हल्ला बोल' रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने रैली में मोदी सरकार पर चौतरफा हमला किया। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा पर भय और नफरत फैलाकर देश को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा देश में भविष्य का डर, महंगाई का डर और बेरोजगारी का डर बढ़ता जा रहा है। इस कारण नफरत बढ़ रही है। नफरत से लोग बंटते हैं और देश कमजोर होता है। इससे भारत को नहीं, बल्कि चीन और पाकिस्तान को फायदा होगा। संसद में विपक्ष को बोलने का मौका नहीं देने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेता ने कहा विपक्ष के पास जनता के बीच जाकर देश की सच्चाई बताने का ही विकल्प बचा है।

# यूपी के किसान करेंगे खेतीबाड़ी में ड्रोन का प्रयोग

**–सिर्फ सात मिनट में हो जाएगा एक एकड़ खेत में खाद एवं कीटनाशक छिड़काव**



**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश का किसान अब खेती किसानी में ड्रोन का इस्तेमाल करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खेतीबाड़ी की चर्चा करते हुए अक्सर इसमें तकनीक के प्रयोग एवं इसके प्रोत्साहन की बात करते हैं। तकनीक का प्रयोग हर तरह की खेती में काफी लाभकारी है। खेतीबाड़ी में ड्रोन तकनीक ऐसी ही एक अद्यतन तकनीक है। उत्तर प्रदेश के किसान भी शीघ्र ही खेतीबाड़ी में ड्रोन का प्रयोग कर सकेंगे। ड्रोन के जरिये किसान एक एकड़ खेत में कीटनाशकों, वाटर सॉल्युबल (पानी में घुलनशील) उर्वरकों एवं पोषक तत्वों का सिर्फ सात मिनट में छिड़काव कर सकते हैं। इससे समय एवं संसाधन तो बचेगा ही, मैनुअल छिड़काव से होने वाले संबंधित व्यक्ति को जहरीले रसायनों के खतरे से मिलने वाली सुरक्षा बोनस के रूप में होगी। विशेषज्ञों के अनुसार पर्णीय छिड़काव (घोलकर किये जाने वाले छिड़काव) के और भी लाभ हैं। अगर यह ऊपर से हो तब तो और भी। मसलन मैनुअल छिड़काव की तुलना में ऊपर से किये जाने वाले छिड़काव से खेत समान रूप से संतृप्त होता है। जिस चीज का भी छिड़काव किया जाता है, वह पौधों में पत्तियों के जरिये ऊपर से नीचे तक जाता है।

# जमीन पर कहीं नजर नहीं आती कांग्रेस, हमें बदनाम करने वालों की पहुंच ट्वीट तक सीमित: गुलाम नबी आजाद

**जम्मू।** कांग्रेस के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद की जम्मू में रविवार को आयोजित बहुप्रतीक्षित रैली में उनके समर्थक नेताओं और लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। आजाद ने कहा कि वे अपनी नई पार्टी बनाएंगे। उनकी पार्टी का झंडा ऐसा होगा, जिसे हर धर्म के लोग स्वीकार करेंगे। पार्टी का नाम कश्मीर की जनता तय करेगी। कांग्रेस से इस्तीफे के बाद आजाद की यह पहली रैली थी। आजाद ने कांग्रेस से पांच दशकों का नाता तोड़ने के बाद आज नई राजनीतिक पार्टी बनाने की घोषणा की। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि पार्टी ने जमीन खो दी है। कांग्रेस हमारे खून से बनी है, कंप्यूटर और ट्विटर से नहीं। लोग हमें बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनकी पहुंच कंप्यूटर और ट्वीट तक सीमित है। यही कारण है कि कांग्रेस जमीन पर कहीं नजर नहीं आती। गुलाम नबी आजाद ने कहा, 2005 से 2008 तक मैं जम्मू-कश्मीर का मुख्यमंत्री था, लेकिन कुछ साथी मेरे कार्यकाल के बीच में ही चले गए थे इसलिए उस समय मेरा एजेंडा पूरा नहीं हो सका। जम्मू-कश्मीर को खुशहाल बनाने का हमारा एजेंडा था। उस समय जो मेरे साथ कैबिनेट में थे, सभी अनुभवी नेता और सक्षम लोग हमारे साथ आए हैं। अब हम साथ में उस अधूरे एजेंडे को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पांच विधायक भी उनके साथ इस मंच पर हैं। जनसभा के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग अब सिर्फ बसों में जेल जाते हैं, वे डीजीपी, कमिश्नरों को बुलाते हैं, अपना नाम लिखवाते हैं और एक घंटे के भीतर चले जाते हैं।

यही कारण है कि कांग्रेस विकसित नहीं हो पाई है। आजाद ने कहा, जम्मू-कश्मीर की समृद्धि का सपना, जो उड़ गया था, आधा रह गया था, उसे हम पूरा करेंगे। पीडीपी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को सकारात्मक बदलाव पसंद नहीं आए क्योंकि उन्हें लगा कि इससे उन्हें वोट नहीं मिलेगा। अपने नए संगठन की बहुप्रतीक्षित घोषणा के बारे में बात करते हुए आजाद ने रिपोर्टों की पुष्टि की और कहा कि नई पार्टी राष्ट्रीय स्तर की होगी, लेकिन हमें राष्ट्रीय आकांक्षाओं की कोई जल्दी नहीं है, क्योंकि यह पार्टी जम्मू-कश्मीर से शुरू होगी। जम्मू-कश्मीर में कभी भी चुनाव हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम पिछले 8 वर्षों से पूरे देश में कांग्रेस की हालत देख रहे हैं, जो 49 विधानसभा चुनाव हुए थे, उसमें उसे 39 में हार का सामना करना पड़ा था। अब केवल दो राज्यों में कांग्रेस है। बाकी के जाने से पहले हमने सोचा कि हम अपना घर बना लेंगे। जिसमें सभी ईंटें रखेंगे, रेत कोई नहीं रखेगा। क्योंकि राष्ट्रीय स्तर पर वर्तमान में केवल रेत-पालक ही मौजूद हैं, लेकिन केवल रेत से ही घर नहीं बनते हैं। इससे पहले रविवार को पूर्वाह्न 11 बजे के करीब गुलाम नबी आजाद जम्मू एयरपोर्ट पर पहुंचे जहां नेताओं एवं उनके समर्थकों ने स्वागत किया। इसके बाद आजाद ने गांधीनगर स्थित आवास पर कुछ समय विश्राम किया और फिर शक्ति प्रदर्शन के लिए सैनिक कालोनी रैली स्थल पर पहुंचे, जहां उनके समर्थकों ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। तीन दिवसीय दौरे पर जम्मू पहुंचे आजाद के भव्य स्वागत के लिए नेता और समर्थक पिछले चार दिनों से रैली को सफल बनाने के लिए पूरे जी-जान से जुटे थे। जम्मू एयरपोर्ट से लेकर रैली स्थल पर आजाद के स्वागत के लिए बैनर भी लगाए गए। रैली स्थल पर पहुंचने पर समर्थकों ने आजाद साहिब जिंदाबाद के नारे लगाए गए। रैली स्थल पर 15 से 20 हजार के करीब लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई थी। इस दौरान रैली स्थल पर सुरक्षा के पूरे प्रबंध किये गए थे।

## भयानक बाढ़ से जूझ रहा पाकिस्तान

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** पाकिस्तान में इन दिनों बाढ़ से हाहाकार मचा हुआ है। बाढ़ की वजह से अभी तक 1200 से अधिक मौतें हुई हैं और लाखों लोग बेघर हो गए हैं। पाकिस्तान में पिछले तीन दशक में इस बार सबसे अधिक बारिश हुई और हिमनद के पिघलने से एक तिहाई हिस्सा पानी में डूब गया है। बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए वहां कई कलाकार भी आगे आए हैं और सभी से मदद की गुहार लगाई है। इस बीच पाकिस्तानी एक्ट्रेस महविश हयात  कहा कि बालीवुड सितारों की ओर से कोई सपोर्ट नहीं दिखा। वह बहुत निराश हैं जबकि पाकिस्तान में उनके चाहने वालों की भारी तादाद है। महविश ने बालीवुड सितारों से अपील की है कि वो राजनीति से ऊपर उठ सकते हैं और पाकिस्तान में अपने प्रशसंको के लिए चिंता जता सकते हैं।

DELHI CRIME 05 sep 2022:Layout 1 9/4/2022 8:09 PM Page 2



# सम्पादकीय

## समाज का पथ प्रदर्शक होता है शिक्षक

मनुष्य के जीवन में गुरु का स्थान सर्वोत्तम माना गया है, क्योंकि गुरु ही एकमात्र ऐसा व्यक्ति होता है जो अपने शिष्य को जीवन में कर्म पथ पर चलने का सही मार्ग दिखाता है। कहा जाता है कि गुरु के बिना ज्ञान अधूरा रहता है। यह बात बिल्कुल सत्य है। हमारे जीवन में सबसे पहली गुरु तो मां होती है जो हमें जन्म लेते ही हर बातों का ज्ञान कराती है। मगर विद्यार्थी काल में बालक के जीवन में शिक्षक एक ऐसा गुरु होता है जो उसे शिक्षित तो करता ही है साथ ही उसे अच्छे बुरे का ज्ञान भी कराता है। पहले के समय में तो छात्र गुरुकुल में शिक्षक के पास रहकर वर्षों विद्या अध्ययन करते थे। उस दौरान गुरु अपने शिष्यों को विद्या अध्ययन करवाने के साथ ही स्वावलंबी बनने का पाठ भी पढ़ाते थे। इसीलिए कहा गया है कि गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाय, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए। गुरु का स्थान ईश्वर से भी बड़ा माना गया है, क्योंकि गुरु के माध्यम से ही व्यक्ति ईश्वर को भी प्राप्त करता है। शिक्षक विद्यार्थियो के जीवन के वास्तविक निमार्ता होते हैं जो न सिर्फ हमारे जीवन को आकार देते हैं। बल्कि हमें इस काबिल बनाते हैं कि हम पूरी दुनिया में अंधकार होने के बाद भी प्रकाश की तरह जलते रहें। शिक्षक समाज में प्रकाश स्तम्भ की तरह होता है। जो अपने शिष्यों को सही राह दिखाकर अंधेरे से प्रकाश की और ले जाता है। शिक्षकों के ज्ञान से फैलने वाली रोशनी दूर से ही नजर आने लगती है। इस वजह से हमारा राष्ट्र ढ़ेर सारे प्रकाश स्तम्भों से रोशन हो रहा है। इसलिये देश में शिक्षकों को सम्मान दिया जाता है। शिक्षक और विद्यार्थी के बीच के रिश्तों को सुदृढ़ करने को शिक्षक दिवस एक बड़ा अवसर होता है। दुनियां के एक सौ से अधिक देशों में अलग-अलग समय पर शिक्षक दिवस मनाया जाता है। भारत में भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस पांच सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को 1962 से शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने अपने छात्रों से अपने जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की इच्छा जताई थी। देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ राधाकृष्णन का जन्म पांच सितम्बर 1888 को तमिलनाडु के तिरुमनी गांव में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। वे बचपन से ही किताबें पढ़ने के शौकीन थे और स्वामी विवेकानंद से काफी प्रभावित थे। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक महान शिक्षक थे। जिन्होंने अपने जीवन के 40 वर्ष अध्यापन पेशे को दिया है। वो विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षकों के योगदान और भूमिका के लिये प्रसिद्ध थे। इसलिये वो पहले व्यक्ति थे जिन्होंने शिक्षकों के बारे में सोचा और हर वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रुप में मनाने का अनुरोध किया। उनका निधन 17 अप्रैल 1975 को चेन्नई में हुआ था। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने 1909 में चेन्नई के प्रेसिडेंसी कॉलेज में अध्यापन पेशे में प्रवेश करने के साथ ही दर्शनशास्त्र शिक्षक के रुप में अपने करियर की शुरूआत की थी। उन्होंने बनारस, चेन्नई, कोलकाता, मैसूर जैसे कई प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों तथा विदेशों में लंदन के ऑक्सफोर्ड जैसे विश्वविद्यालयों में दर्शनशास्त्र पढ़ाया था। अध्यापन पेशे के प्रति अपने समर्पण की वजह से उन्हें 1949 में विश्वविद्यालय छात्रवृत्ति कमीशन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। यह सर्वविदित है कि हमारे जीवन को संवारने में शिक्षक एक बड़ी और महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। सफलता प्राप्ति के लिये वो हमें कई प्रकार से मदद करते है। जैसे हमारे ज्ञान, कौशल के स्तर, विश्वास आदि को बढ़ाते है तथा हमारे जीवन को सही आकार में ढ़ालते है। इस दिन सभी को एक आज्ञाकारी विद्यार्थी के रुप में अपने शिक्षक का दिल से अभिनंदन करने के साथ ही जीवनभर अध्यापन के अपने निस्स्वार्थ सेवा कर अपने अनगिनत विद्याथीयों के जीवन को सही दिशा देने के लिये उन्हें धन्यवाद देना चाहिये।

# विक्रांत से कई गुना बढ़ेगी समंदर में भारत की ताकत



लेखक- योगेश कुमार गोयल /ईएमएस

इतिहास के पन्नों पर 2 सितम्बर की तारीख भारतीय नौसेना के लिए स्वर्णाक्षरों में अंकित हो जाएगी क्योंकि 2 सितम्बर 2022 को नौसेना को स्वदेश में निर्मित देश का अपना पहला स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर मिल गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के इस पहले स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रांत को नौसेना को सौंप दिया गया है। इस मौके पर उन्होंने नए नौसेना ध्वज का भी अनावरण किया, जो छत्रपति वीर शिवाजी को समर्पित है, जिनकी समुद्री ताकत से दुश्मन कांपते थे। नए ध्वज के बारे में प्रधानमंत्री का कहना है कि नौसेना के झंडे पर अभी तक गुलामी की तस्वीर थी, जिसे अब हटा दिया गया है और नया ध्वज नौसेना के बल और आत्मसम्मान को बल देगा। इसमें पहले नौसेना के ध्वज में लाल क्रॉस का निशान होता था, जिसे हटाते हुए ध्वज में अब बायीं ओर तिरंगा तथा दायीं ओर अशोक चक्र का चिह्न अंकित किया गया है और इसके नीचे लिखा है शं नो वरुणः यानी वरुण हम सबके लिए शुभ हों। आईएनएस विक्रांत के समुद्र में जलावतरण के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी का इस विमानवाहक पोत के बारे में कहना था कि यह सशक्त भारत की शक्तिशाली तस्वीर है और यह बताता है कि मन में ठान लो तो कुछ भी असंभव नहीं है। दरअसल एक ओर जहां भारत का चीन के साथ लंबे समय से सीमा विवाद जारी है, वहीं दूसरी ओर रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद से वैश्विक स्तर पर तेजी से समीकरण बदल रहे हैं, ऐसे में भारत के लिए रक्षा के हर मोर्चे पर ताकतवर बनना आज समय की सबसे बड़ी मांग है और कहना गलत नहीं होगा कि नौसेना के बेड़े में आईएनएस विक्रांत के शामिल होने के बाद समंदर में भारत की ताकत में कई गुना वृद्धि हो गई है। विक्रांत को लेकर प्रधानमंत्री का कहना है कि आईएनएस विक्रांत ने भारत को नए भरोसे से भर दिया है और यह न केवल भारत के लिए खास है बल्कि गौरवमयी भी है और यह केवल एक वारशिप नहीं है बल्कि समंदर में तैरता शहर है, जो 21वीं सदी के भारत के कठिन परिश्रम, कौशल और कर्मठता का प्रमाण है। स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रांत का निर्माण कर भारत आज उन देशों की सूची में शामिल हो गया है, जो अपनी तकनीक से ऐसे बड़े एयरक्राफ्ट कैरियर बना सकते हैं। भारत से पहले यह क्षमता दुनिया के केवल पांच देशों अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और इंग्लैंड में ही थी। भारत के पहले विमानवाहक पोत का नाम आईएनएस विक्रांत था और उसी को श्रद्धांजलि देने के लिए ही भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत का नाम भी ह्यआईएनएस विक्रांतह्ण ही रखा गया है। पुराना आईएनएस विक्रांत ब्रिटेन से खरीदा गया युद्धपोत था, जिसे भारतीय नौसेना में 4 मार्च 1961 में कमीशन किया गया था, जिसने 1971 की जंग में अपने सीहॉक लड़ाकू विमानों से बांग्लादेश के चिटगांव, कॉक्स बाजार और खुलना में दुश्मन के ठिकानों को तबाह कर दिया था। 31 जनवरी 1997 को उसे नौसेना से रिटायर कर दिया गया था और 25 साल से भी ज्यादा लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर से आईएनएस विक्रांत का पूर्ण स्वदेशी अवतार में पुनर्जन्म हुआ है। 45 हजार टन के डिस्प्लेसमेंट वाला आईएनएस विक्रांत 52 किलामीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से समंदर में दौड़ सकता है। कोचीन शिपयार्ड में निर्मित किए गए आईएनएस विक्रांत की लंबाई 860 फीट, बीम 203 फीट, गहराई 84 फीट और चौड़ाई 203 फीट है। इसके ऊपर 30 से 35 विमानों को तैनात किया जा सकता है। बराक मिसाइलों से लैस इस एयरक्राफ्ट कैरियर पर ब्रह्मोस जैसी सुपरसोनिक मिसाइलों को भी तैनात किया जा सकता है, जिसके लिए इंटीग्रेशन का कार्य किया जा रहा है। आईएनएस विक्रांत वास्तव में स्वदेशी सामर्थ्य, स्वदेशी संसाधन और स्वदेशी कौशल का प्रतीक है। 20 हजार करोड़ रुपये की लागत से 76 फीसदी स्वदेशी उपकरणों से निर्मित दो फुटबॉल ग्राउंड के बराबर आईएनएस विक्रांत मौजूदा समय में देश का दूसरा एयरक्राफ्ट कैरियर है। इससे पहले विदेश से खरीदा गया आईएनएस विक्रमादित्य नौसेना के जंगी बेड़े में शामिल है। आईएनएस विक्रांत 20 मिग-29 फाइटर जेट्स ले जाने में सक्षम है और यह हिंद महासागर में भारतीय नौसेना का दबदबा बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस एयरक्राफ्ट कैरियर की स्ट्राइक रेंज 1500 किलोमीटर है जबकि इसकी सेलिंग रेंज 15 हजार किलोमीटर है। यह दुश्मन के एयरक्राफ्ट्स, मिसाइलों और फाइटर जेट्स को मार गिराने की अद्भुत क्षमता रखता है। 1.1 लाख हॉर्सपावर की ताकत देने के लिए इसमें जनरल इलेक्ट्रिक टरबाइन लगाए गए हैं। आईएनएस विक्रांत में 14 डेक्स का निर्माण किया गया है, जिनमें विमानों के साथ ही 1700 से ज्यादा क्रू मेंबर्स की तैनाती की जा सकती है। इस एयरक्राफ्ट कैरियर में मैस, जिम, अस्पताल के अलावा विमानों में होने वाली छोटी-मोटी मरम्मत किए जाने जैसी सुविधाएं भी हैं।

इसमें जितनी बिजली पैदा होती है, जिससे पांच हजार घरों को रोशन किया जा सकता है। इसमें 76 एमएम की 4 ओटोब्रेडा ड्यूल पर्पज कैनन और 4 एके630 प्वाइंट डिफेंस सिस्टम गन लगाई गई हैं। चीन के फुजियान एयरक्राफ्ट कैरियर को चीन का सबसे ताकतवर एयरक्राफ्ट कैरियर माना जाता है और अगर भारत के आईएनएस विक्रांत की उससे तुलना करें तो यह चीनी एयरक्राफ्ट कैरियर को कड़ी टक्कर देने में सक्षम है। फुजियान एयरक्राफ्ट कैरियर की लंबाई 300 मीटर और चौड़ाई 78 मीटर है जबकि उसका डिस्प्लेसमेंट 80 हजार टन है, जो चीन के पुराने एयरक्राफ्ट कैरियर्स लियाओनिंग और शैनडोंग के मुकाबले बड़ा है। इन एयरक्राफ्ट कैरियर में डीजल गैस टरबाइन इंजन लगे हैं। अमेरिकी युद्धपोतों की तर्ज पर फुजियान में कैटापॉल्ट एसिस्टेड टेक ऑफ अरेस्टेड रिकवरी का इस्तेमाल किया गया है। फुजियान पर एक समय में 36 से ज्यादा विमानों को तैनात किया जा सकता है जबकि आईएनएस विक्रांत पर भी 30 से 35 विमान तैनात किए जा सकते हैं। यूएस गेराल्ड आर फोर्ड अमेरिका का सबसे आधुनिक विमानवाहक पोत है, जिसे 22 जुलाई 2017 को अमेरिकी नौसेना में कमीशन किया गया था। गेराल्ड आर फोर्ड 337 मीटर लंबा है, जो समुद्र में 56 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से चल सकता है। विमानवाहक पोत वास्तव में समुद्र में चलता-फिरता एक हवाई अड्डा होता है, जहां से विमानों को ऑपरेट किया जा सकता है और अलग-अलग तरीके के विमान इस पोत के डेक पर उतर सकते हैं, उड़ सकते हैं, ईंधन भर सकते हैं। विमानों को विमानवाहक पोत पर हथियारों से लैस किया जा सकता है और समुद्र में काफी दूर तक हवाई क्षमता को बनाए रखा जा सकता है। दुश्मन के इलाके में नेवल ब्लॉकेज लगाने में भी विमानवाहक पोत बड़ा योगदान देते हैं। जहां तक आईएनएस विक्रांत की बात है तो 2009 में इसका निर्माण शुरू हुआ था और 29 अगस्त 2011 को इसका ढ़ांचा बनकर तैयार हुआ। 12 अगस्त 2013 को इसे लांच किया गया और 4 अगस्त 2021 को इसे पहली बार समुद्र में उतारा गया, जिसके बाद जुलाई 2022 तक इसके सी-ट्रायल हुए। इसे बनाने के लिए स्पेशल ग्रेड स्टील भारत की स्वदेशी कम्पनी ह्यस्टील अथॉरिटी ऑफ इंडियाह्ण ने बनाया है और इस एयरक्राफ्ट कैरियर के लिए कई वेपन सिस्टम तथा उपकरणों का निर्माण भारत की डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन ने किया है। डीआरडीओ का सहयोग करने वालों में नेवल डिजाइन ब्यूरो, भारत इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड सहित किर्लोस्कर, एलएंडटी, केल्ट्रॉन, जीआरएसई और वार्टसिला इंडिया इत्यादि कुछ निजी कम्पनियां भी शामिल रही। भारतीय नौसेना में हालांकि आईएनएस विक्रांत को 2 सितम्बर 2022 को कमीशन कर लिया गया है लेकिन इसे पूरी तरह ऑपरेशनल होने में जून 2023 तक का समय लग सकता है।

## आज का कार्टून।




## नौसेना की नई पहचान




लेखक -सिद्धार्थ शंकर /ईएमएस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोच्चि में देश के पहले स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत को देश को समर्पित किया। कोचीन शिपयार्ड पर तैयार किए गए इस विमान वाहक पोत के निर्माण में 20 हजार करोड़ रुपए की लागत आई है। इस पोत के आधिकारिक तौर पर शामिल होने से नौसेना की ताकत दोगुनी हो जाएगी। इस मौके पर पीएम ने कहा कि पिछले समय में भारत-प्रशांत क्षेत्र और हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा चिंताओं को लंबे समय तक नजरंदाज किया जाता रहा। लेकिन, आज ये क्षेत्र हमारे लिए देश की बड़ी रक्षा प्राथमिकता है। इसलिए हम नौसेना के लिए बजट बढ़ाने से लेकर उसकी क्षमता बढ़ाने तक, हर दिशा में काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, बूंद-बूंद जल से जैसे विराट समंदर बन जाता है। वैसे ही भारत का एक-एक नागरिक 'वोकल फॉर लोकल के मंत्र को जीना प्रारंभ कर देगा, तो देश को आत्मनिर्भर बनने में अधिक समय नहीं लगेगा। आईएनएस विक्रांत के साथ ही भारत ने औपनिवेशिक मानसिकता से बाहर निकलने की ओर भी एक कदम बढ़ाया है। नौसेना ने अपने जिस नए प्रतीक का अनावरण किया है, उसमें भारतीय नौसेना के पितामह माने जाने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज की राजमुद्रा के अष्टकोणीय डिजाइन को भी जगह दी गई है। ये आठ कोण नौसेना की आठ दिशाओं में सजगता, सक्रियता दिखाते हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज ने जिस नौसेना का गठन किया था वह अपने समय की अद्वितीय नौसेना थी। इसी नौसेना के कारण मराठों के दुश्मन उनके अहम ठिकानों पर कब्जा नहीं कर पाए। नए निशान पर भारतीय नौसेना का आदर्श वाक्य सम नो वरुणः अंकित है। देश जब आजाद हुआ तो भारतीय रक्षा बलों ने ब्रिटिश औपनिवेशिक झंडे और बैज को जारी रखा। 26 जनवरी, 1950 को इसके पैटर्न में बदलाव किया गया था। नौसेना के ध्वज को भी बदल दिया गया था, लेकिन ध्वज में एकमात्र अंतर यह किया गया था कि यूनियन जैक की जगह तिरंगा लगाया गया था। जॉर्ज क्रॉस को बरकरार रखा गया था। नौसेना के ध्वज में कई बदलाव हुए, लेकिन रेड क्रॉस को नहीं हटाया गया। एक बदलाव 2001 में किया गया था। हालांकि, उस समय भी सेंट जॉर्ज क्रॉस को नहीं हटाया गया था। नौसेना के ध्वज में बदलाव की मांग लंबे समय से की जा रही थी। वाइस एडमिरल वी-ईसी बारबोजा ने इसको लेकर सुझाव भी दिया था, जो नौसेना से फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ पश्चिमी नौसेना कमान के रूप में रिटायर हुए थे। 2004 में एक और बदलाव किया गया था, लेकिन इस समय भी सेंट जॉर्ज क्रॉस को नहीं हटाया गया। 2014 में देवनागरी लिपि में अशोक चिन्ह के नीचे ध्वज पर सत्यमेव जयते शब्द शामिल किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नए ध्वज का अनावरण किया, जिसके ऊपरी कैंटन पर राष्ट्रीय ध्वज है। राष्ट्रीय प्रतीक के साथ एक नीला अष्टकोणीय आकार भी है। यह नौसेना के आदर्श वाक्य के साथ ढाल पर लगाया जाता है। नौसेना ने नए ध्वज को प्रदर्शित करते हुए वीडियो में कहा, जुड़वां सुनहरी सीमाओं के साथ अष्टकोणीय आकार महान भारतीय सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज की मुहर से प्रेरणा लेता है, जिनके दूरदर्शी समुद्री दृष्टिकोण ने एक विश्वसनीय नौसैनिक बेड़े की स्थापना की। भारत के पास अब ऐसा सबसे बड़ा स्वदेशी युद्धपोत है, जो 20 मिग-29 फाइटर जेट्स ले जाने में सक्षम है।

## अहिंसा का आलोक

वे सभी व्यक्ति अहिंसा की शीतल छाया में विश्राम पाने के लिए उत्सुक रहते हैं, जो सत्य का साक्षात्कार करना चाहते हैं। अहिंसा का क्षेत्र व्यापक है। यह सूर्य के प्रकाश की भांति मानव मात्र और उससे भी आगे प्राणी मात्र के लिए अपेक्षित है। इसके बिना शांतिपूर्ण सहअस्तित्व की बात केवल कल्पना बनकर रह जाती है। अहिंसा का आलोक जीवन की अक्षय संपदा है। यह संपदा जिन्हें उपलब्ध हो जाती है, वे नए इतिहास का सृजन करते हैं। वे उन बंधी-बंधाई परंपराओं से दूर हट जाते हैं, जिनकी सीमाएं हिंसा से स्पृष्ट होती हैं। परिस्थितिवाद का बहाना बनाकर वे हिंसा को प्रश्रय नहीं दे सकते। अहिंसा की चेतना विकसित होने के अनंतर ही व्यक्ति की मनोभूमिका विशद बन जाती है। वह किसी को कष्ट नहीं पहुंचा सकता। इसके विपरीत हिंसक व्यक्ति अपने हितों को विश्व-हित से अधिक मूल्य देता है। किंतु ऐसा व्यक्ति भी किसी को सताते समय स्वयं संतप्त हो जाता है। किसी को स्वायत्त बनाते समय उसकी अपनी स्वतंत्रता अपहत हो जाती है। किसी पर अनुशासन थोपते समय वह स्वयं अपनी स्वाधीनता खो देता है। इसीलिए हिंसक व्यक्ति किसी भी परिस्थिति में संतुष्ट और समाहित नहीं रह सकता। उसकी हर प्रवृत्ति में एक खिंचाव-सा रहता है। वह जिन क्षणों में हिंसा से गुजरता है, एक प्रकार के आवेश से बेभान हो जाता है। आवेश का उपशम होते ही वह पछताता है, रोता है और संताप से भर जाता है। हिंसक व्यक्ति जिस क्षण अहिंसा के अनुभाव से परिचित होता है, वह उसकी ठंडी छांह पाने के लिए मचल उठता है। उसका मन बेचैन हो जाता है। फिर भी पूवोर्पात्त संस्कारों का अस्तित्व उसे बार-बार हिंसा की ओर धकेलता है। ये संस्कार जब सर्वथा क्षीण हो जाते हैं तब ही व्यक्ति अहिंसा के अनुत्तर पथ में पदन्यास करता है और स्वयं उससे संरक्षित होता हुआ अहिंसा का संरक्षक बन जाता है। अहिंसा के संरक्षक इस संसार के पथ-दर्शक बनते हैं और हिंसा, भय, संत्रास, अनिश्चय, संदेह तथा असंतोष की अरण्यानी में भटके हुए प्राणियों का उद्धार करते हैं।

# विलक्षण पक्षी अबाबील का विलक्षण घोंसला



लेखक- तनवीर जाफरी ( ईएमएस)

लगभग दस वर्ष पूर्व मेरी नजर मेरे घर की पहली मंजिल के वरांडे के ऊपरी हिस्से में एक कोने में पड़ी। उस स्थान पर गीली मिट्टी के कुछ छींटे पड़े नजर आये। शुरू में इस प्रकार लगभग दस फिट की ऊंचाई पर मिटटी कीचड़ के छींटे देखना अत्यंत रहस्यमयी लगा। धीरे धीरे इस कीचड़ मिट्टी ने एक आकार लेना शुरू कर दिया। अब यह समझ में आ ही गया कि यह कोई चमत्कार या करिश्मा अथवा रहस्यमयी घटना नहीं बल्कि किसी पशु पक्षी अथवा कीड़े मकोड़े द्वारा किया जाने वाला प्रयास है। कुछ ही दिनों में दीवार पर चिपका हुआ एक शंकुआकर घोंसला तैयार हो गया। अभी तक घोंसले के निमार्ता के दर्शन नहीं हो सके थे। दिन में न जाने किस समय इस घोंसले के 'निमार्ता इंजीनियर्स' आते और रोज अपना आशियाना कुछ और आगे निर्मित कर कहीं और चले जाते। अचानक एक रात मेरा ऊपरी मंजिल पर जाना हुआ। तो देखा कि दो पक्षी दीवार से चिपककर बनाये गये मिट्टी के बने अपने उसी घोंसले में बैठे हैं। अध्य्यन करने से पता चला कि यह अबाबील नामक पक्षी है जो गीली मिट्टी और भूसे में अपनी लार के गारे से अपना घोंसला बनाती है। खड़ी,सीधी,पक्की व पेंट की हुई दीवार पर लगभग दो किलो मिट्टी का मलवा शंकुआकर चिपका देना और वह भी दस वर्षों से अधिक समय तक चिपके रहना और अपने इसी स्थायी मकान में रहते हुये अब तक अपने खानदान में निरंतर वृद्धि करते रहना निश्चित तौर पर आश्चर्य जनक है। सुरक्षा की दृष्टि से भी यह घोंसला बिल्ली,इंसान,कौव्वा,उल्लू,सांप आदि सभी की पहुँच से दूर है। चमगादड़ के हमले से बचने के लिये अबाबील अपने घोंसले में अजवाईन की पत्तियां लाकर रखती हैं। इसकी सुगंध से चमगादड़ नहीं आती। खैर,धीरे धीरे इन पक्षियों का दिन में भी घोंसले में आवागमन शुरू हुआ। काली सफेद धारियों वाले और मूछों की तरह लंबी घुमाव दार पूंछ वाले इस पक्षी के विषय में जब शोध किया तो पता चला कि यही रहस्यमयी अबाबील पक्षी है जोकि अपना स्थायी घोंसला बनाता है । दस वर्षों से इनका यह घोंसला उसी जगह कायम है।



दो वर्ष पूर्व एक बार उस घोंसले की ऊपरी हिस्से की मिट्टी किसी कारण टूट कर गिर गयी। मात्र दो दिनों में इन्होंने उसकी मुरम्मत कर उसे पहले से भी मजबूत कर लिया। पिछले दिनों इन्हीं की शारीरिक संरचना से मिलते जुलते परन्तु भूरे व काले रंग की धारियों वाले पक्षियों का जोड़ा इनके घोंसले में आता जाता दिखाई दिया। वह भी इन्हीं के परिवार के चाची-मौसी हैं। साथ ही पहले से रह रहे सफेद काली धारी वाली अबाबील भी सक्रिय थी। कुछ समय बाद दोनों ने इसी घोंसले में अंडे दिये। अब उसमें दोनों परिवारों के बच्चे एक साथ पल रहे हैं। उन्होंने उड़ना भी शुरू कर दिया है। इनका चहचहाना व चौकड़ी भरने वाली उड़ान अत्यंत मनमोहक लगती है। इसे दुनिया में सबसे अधिक और सबसे तेज उड़ने वाले पक्षियों में एक माना जाता है। वैज्ञानिकों के अनुसार इनकी सबसे लंबी निरंतर उड़ान अवधि का पिछला रिकॉर्ड 6 महीने का था। अबाबील का जिक्र कुरआन शरीफ में भी मिलता है। कहा जाता है कि काबा पर हमला करने आयी सेना पर करोड़ों अबाबील के झुंड ने पत्थरों की बारिश कर उन्हें मार डाला था। अबाबील के बारे में यह भी कथन प्रचलित है कि जिस घर में इनका घोंसला रहता है वहाँ हराम व भ्रष्टाचार की कमाई प्रवेश नहीं करती। अबाबील का घोंसला सिंगापुर तथा हांगकांग के बाजारों में लगभग डेढ़ लाख रुपए प्रति किलोग्राम है। जबकि अमेरिका में इसकी कीमत चार लाख रुपए प्रति किलोग्राम तक है। अबाबील के घोंसले का सूप बनाया जाता है जिसे चीनी लोग सबसे महंगा खाद्य पेय मानते हैं। प्रत्येक वर्ष इसका व्यापार अरबों डॉलर में होता है। महंगे चीनी रेस्तरां तथा अमीर लोगों के घरों में भोजन के साथ विशेष अवसरों पर अबाबील के घोंसले से बने सूप का सेवन किया जाता है। चीन, थाईलैंड, इंडोनेशिया, वियतनाम, मलेशिया तथा दक्षिण-पूर्व एशिया के कुछ अन्य देशों में इन घोंसलों का इतने व्यापक पैमाने पर दोहन किया जाता है कि अब इस पक्षी का अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है। बहरहाल हम स्वयं को सौभाग्यशाली समझते हैं कि यह विलक्षण प्रतिभा का पक्षी लंबे समय से हमारा मेहमान है। वरांडे में रोजाना इनकी बीट फैली होने के बावजूद हमारे लिये इनकी उपस्थिति इनका दिनभर आना जाना अत्यंत सुकून बख़्शता है। ईश्वर से प्रार्थना है कि हम रहें या न रहें परन्तु इनका यह बेशकीमती घोंसला यूँही सदा आबाद रहे और इनकी संख्या निरंतर बढ़ती रहे।

## प्रसंगतः मुक्ति प्राप्त की

भगवान् बुद्ध धर्म प्रचार करते हुए काशी की ओर जा रहे थे। रास्ते में जो भी उनके सत्संग के लिए आता, उसे वे बुराइयाँ त्यागकर अच्छा बनने का उपदेश देते। उसी दौरान उन्हें उपक नाम का एक गृहत्यागी मिला। वह गृहस्थ को सांसारिक प्रपंच मानता था और किसी मार्गदर्शक की खोज में था। भगवान् बुद्ध के तेजस्वी व निश्छल मुख को देखते ही वह मंत्रमुग्ध होकर खड़ा हो गया। उसे लगा कि पहली बार किसी का चेहरा देखकर उसे अनूठी शांति मिली है। उसने अत्यंत विनम्रता से पूछा, 'मुझे आभास हो रहा है कि आपने पूर्णता को प्राप्त कर लिया है?' बुद्ध ने कहा, 'हाँ, यह सच है। मैंने निर्वाणिक अवस्था प्राप्त कर ली है। उपक यह सुनकर और प्रभावित हुआ। उसने पूछा, 'आपका मार्गदर्शक गुरु कौन है?' बुद्ध ने कहा, 'मैंने किसी को गुरु नहीं बनाया। मुक्ति का सही मार्ग मैंने स्वयं खोजा है। 'क्या आपने बिना गुरु के तृष्णा का क्षय कर लिया है?' उसने पूछा। बुद्ध ने कहा, 'हाँ, मैं तमाम प्रकार के पापों के कारणों से पूरी तरह मुक्त होकर सम्यक् बुद्ध हो गया हूँ। उपक को लगा कि बुद्ध अहंकारवश ऐसा दावा कर रहे हैं। कुछ ही दिनों में उसका मन भटकने लगा। एक शिकारी की युवा पुत्री पर मुग्ध होकर उसने उससे विवाह कर लिया। फिर उसे लगने लगा कि अपने माता पिता व परिवार का त्यागकर उनसे एक प्रकार का विश्वासघात किया है। वह फिर बुद्ध पास पहुँचा। संशय ने पूर्ण विश्वास व श्रद्धा का स्थान ले लिया। वह बुद्ध की सेवा-सत्संग करके स्वयं भी मुक्ति पथ का पथिक बन गया।

DELHI CRIME 05 sep 2022:Layout 1 9/4/2022 8:09 PM Page 3



# फरीदाबाद को राधाष्टमी पर मिली 302 करोड़ रुपये की मनोहर सौगात

## मुख्यमंत्री ने विडियो कांफ्रेस से किया विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास

**फरीदाबाद, (हि.स.)।** फरीदाबाद को राधाष्टमी पर रविवार को 302 करोड़ रुपये की मनोहर सौगात मिली। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल से वीडियो कांफ्रेंस के जरिए इन योजनाओं का लोकार्पण किया। इस अवसर पर फरीदाबाद में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। सभी योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के उपरांत उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आज फरीदाबाद वासियों को 302 करोड़ 70 लाख 91हजार रुपए की धनराशि की विभिन्न परियोजनाओं की सौगात मिलने जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का प्रयास है कि प्रदेश बुनियादी सुविधाओं के विकास में देश में अग्रणी राज्य बने। पिछले तीन वर्षों में हमारी सरकार द्वारा बेहतर विकास का इन्फ्राटैक्चर करने का प्रयत्न किया है। इस अवसर पर विधायक सीमा त्रिखा,विधायक नरेन्द्र गुप्ता,भाजपा के जिला अध्यक्ष गोपाल, जजपा के जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया, एसीएस अंकुर गुप्ता, एसीएस अनिल मलिक, डीसी विक्रम,एड-ीसी अपराजिता, सीईओ जिला परिषद सतेन्द्र दुहन,ईआईसी महेश मदान, ईआईसी संजीत कुमार, एसडीएम पंकज सेतिया,सीटीएम नसीब कुमार, सहित सम्बधित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**फरीदाबाद में 4 योजनाओं का उद्घाटन व छः योजनाओं का किया गया शिलान्यास**




– मुख्यमंत्री मनोहर लाल रविवार को फर-ीदाबाद की 302 करोड़ 70 लाख 91 हजार रुपए की लागत से बनी व बनने वाली 10 विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इनमें चार विकास योजनाओं का उद्घाटन व छ विकास योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। जिन चार विकास योजनाओं का उद्घाटन किया गया उनमें 61करोड़ 80 लाख 54 हजार रुपये की धनराशि से राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल दयालपुर व गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल फरीदपुर के नवनिर्मित भवन शामिल है। इसके अलावा एचवीपीएन के 220 किलोवाट पावर स्टेशन सेक्टर- 58 और बल्लबगढ में मिनी सॉयल टेस्टिंग लेबोरेट्री का उद्घाटन शामिल है। वहीं 240 करोड़ 90 लाख 37 हजार रुपये की विकास योजनाओं का शिलान्यास भी किया गया। जिनमे 240 करोड़ 90 लाख 37 इनमें एचवीपीएन के सेक्टर- 23 में 66 केवी पावर सब स्टेशन, खेड़ी गुजरान में 66 केवी पावर सब स्टेशन, पीडब्लूडी बीएण्डआर विभाग के तिगांव रोड की फोर लेनिंग, जसाना, चिरसी, मंझावली, शेखपुर आटा गुजरान में दो मार्गी सडक का, मोहना में आईटीआई और हरियाणा स्टेट रोड और पुल निर्माण कार्पोरेशन द्वारा फरीदाबाद की केजीपी एक्सप्रेसवे से बेहतर कनेक्टिविटी के लिए बल्लबगढ,छायसा, मोहना रोड के चारमार्गी करने का शिलान्यास किया गया।

# डेरे पर हुई लूट की जांच करेगी एसआईटी

**-डीएसपी विवेक चौधरी करेंगे अगुवाई**



**कैथल, (हि.स.)।** कैथल के गांव नौच के बाबा मस्तनाथ डेरे पर पुलिस की वर्दी में आए बदमाशों द्वारा लूटपाट की घटना के बाद पुलिस ने जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। डीएसपी विवेक चौधरी की अगुवाई में गठित एस-ाआईटी में विभिन्न थानों के एसएचएओ व सीआईए के अधिकारियों को शामिल किया गया है। रविवार को एसपी मकसूद अहमद ने बताया कि सभी डेरों पर की गई लूटपाट की वारदात एक जैसी है। उन्होंने कहा कि इस तरह की वारदात कोई गिरोह अंजाम दे रहा है। जिसे इन डेरों के बारे में पूरी जानकारी है। कैथल जिला में एक ही प्रकार की हुई पांच वारदातों को सुलझाने के लिए डीएसपी विवेक चौधरी के नेतृत्व में एसआईटी गठित कर दी गई है। जिसमें थानों के पुलिस अधिकारियों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस जल्द ही इस मामले को सुलझा लेगी। स्मरण रहे कि शनिवार की रात बदमाश गांव नोच के डेरे से साधुओं पर हमला कर एक लाख नगद और सोने के गहने ले गए थे। जिला में अब तक इस तरह की पांच वारदात हो चुकी हैं। इससे पहले गांव कठवाड़ में 29 मार्च को बदमाश गांव के डेरे से 85 हजार रुपये व आभूषण ले गए थे। 26 अप्रैल को गांव बाबा लदाना के बाबा राजपुरी के डेरे में महंत व सेवादार को बंधक बनाकर लुटेरे आठ लाख रुपये लूट कर ले गए थे। इसी तरह सात मई को चीका कस्बा के गांव डंडौता में बदमाश धार्मिक डेरे से दो लाख रुपये के साथ चांदी के सिक्के व महंत की गले की चेन छीनकर फरार हो गए हैं। पिछले महीने 3 अगस्त को बदमाश गांव सौथा स्थित योगाश्रम कुटिया से रात के समय लाखों रुपए और गहने लूटकर ले गए थे। शनिवार रात को गांव नौच में हुई लूट की यह पांचवीं वारदात है। लूट के मामलों में सबसे अहम बात यह है कि बदमाश पुलिस की वर्दी में आते हैं और रात के 12 बजे के बाद गांव के दूरदराज इलाकों में बने डेरों में ही वारदात करते हैं।

# कंपनी का मार्का लगाकर नकली एलईडी बेचता काबू

**-कैथल में सीएम फ्लाईंग ने की कार्रवाई**




**कैथल, (हि.स.)।** कैथल में पार्क रोड पर मॉडर्न टीवी के नाम से इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम्स का शोरूम चलाने वाले के खिलाफ पुलिस ने नकली एलईडी बेचने पर मामला दर्ज किया है। कंपनी के जांच अधिकारी और सीएम की टीम ने शोरूम से नकली एलईडी टीवी बरामद किए हैं। विब्रे इंडिया डिटेक्टिव प्राइवेट लिमिटेड न्यू दिल्ली के जांच अधिकारी मुकेश ने बताया कि उसे क्राउन टीवी कि कंपनी ने नकली माल बेचने वालों के खिलाफ कानूनी अधिकार दिया हुआ है। शनिवार बाद दोपहर उसे सूचना मिली कि कैथल में मॉडर्न टीवी पर क्राउन का मारका लगाकर नकली एलईडी बेची जा रही है। उसने तुरंत इसकी सूचना जींद में सीएम फ्लाइंग को दी। सीएम फ्लाइंग को साथ लेकर उन्होंने पार्क रोड के मॉडर्न ट्रेडर्स के शोरूम पर छापा मारा। जहां से 5 एल ई डी टीवी मिले, जिन पर क्राउन कंपनी का फर्जी मार्का लगा हुआ था। मॉडर्न ट्रेडर्स पर मौजूद हरीश चंद्र पुत्र चरण दास वासी अमरगढ़ गामड़ी क्रॉउन टीवी के मार्का के संबंध में ट्रेडमार्क, कॉपीराइट व रजिस्ट्रेशन नहीं दिखा सका। उसने बताया कि शोरूम का मालिक दीपक कालरा पुत्र सतीश कुमार है। उसकी दुकान की जांच में पांच एलईडी टीवी, तीन 32 इंच व दो एलईडी 43 इंच की बरामद की गई। जिन को सील कर दिया। थाना शहर कैथल के हेड कांस्टेबल सुभाष ने मॉडर्न ट्रेडर्स पर पहुंचकर नकली एलईडी पुलिस कब्जे में ले ली।

सब इंस्पेक्टर महावीर सिंह ने बताया कि शोरूम के के मालिक के खिलाफ नकली एलईडी टीवी बेचने पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# फतेहाबाद को मिली 500 करोड़ रुपये की 26 विकास परियोजनाओं की सौगात

**फतेहाबाद, (हि.स.)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने र-विवार को प्रदेश की 2010 करोड़ रुपये की लागत की 170 विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। इसमें जिला फतेहाबाद की भी 500 करोड़ रुपये की 26 परियोजनाएं शामिल हैं। राज्य स्तरीय समारोह करनाल के डॉ. मंगलसेन ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जिलों में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया तथा अपना संदेश भी दिया। जिला स्तरीय कार्यक्रम डीपीआरसी सभागार में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और सिरसा से सांसद सुनीता दुग्गल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में फतेहाबाद के विधायक दुड़ा राम व रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। उद्घाटन व शिलान्यास समारोह के दौरान जिला फतेहाबाद को लगभग 497 करोड़ 68 लाख 48 हजार रुपये की 26 विकास परियोजनाओं की सौगात मिली, जिनमें उद्घाटन की 8 विकास परियोजनाओं शामिल हैं, उन पर कुल 46 करोड़ 83 लाख रुपये की राशि खर्च हुई है जबकि शिलान्यास की 18 विकास परियोजनाओं पर कुल 450 करोड़ 85 लाख 48 हजार रुपये खर्च होंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि विकास एवं पंचायत मंत्री बबली ने जिला को मिली 500 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया और कहा कि प्रदेश सरकार सबका साथ-सबका विकास और सबका प्रयास के तहत विकास कार्य करवा रही है। कैनिबेट मंत्री ने कहा कि प्रदेश की ढाणियों में म्हारा गांव जगमग गांव योजना के तहत 24 घंटे बिजली देने के लिए योजना बना रही है। गांवों की ढाणियों में बिजली उपलब्ध करवाने की लंबे समय से मांग की जा रही थी, स-रकार इस पर विचार कर रही है और इसे जल्द ही लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांवों में ग्रीन एनर्जी के तहत सोलर पैनल से बिजली की व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की योजना पर काम किया जाएगा। इसके लिए पहले फेज में प्रदेश के 700 गांवों की मंजूरी मुख्यमंत्री ने दी है, इस पर काम करवाया जाएगा। इसके अलावा ग्रे वाटर मैनेजमेंट के तहत प्रदेश के 18 हजार तालाबों में से 3400 तालाबों के लिए पहले फेज के तहत टैंडर जारी किए जा चुके हैं। इसके अलावा पंचायती राज विभाग के पुराने भवनों को चिन्हित किया गया है, जिनमें पहले फेज के तहत 1207 ई-लाईब्रेरी बनाने का काम किया जा रहा है, जहां पर युवाओं को शिक्षा से संबंधित नवीनतम जानकारी हासिल होगी। ये ई-लाईब्रेरी युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए मिल का पत्थर साबित होंगी। कैबिनेट मंत्री श्री बबली ने कहा कि पंचायती राज विभाग के 800 ऐसे भवनों का भी चयन किया गया है, जहां युवा क्लबों के अंडरटैकिंग देने के बाद जिम शुरू करवाए जा रहे हैं। विकास एवं पंचायत मंत्री ने कहा कि स्कूलों में भी पंचायती राज विभाग द्वारा अनेक प्रकार के विकास कार्य करवाए जाने के लिए मंजूरी दी जा रही है। सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा कि आज मुख्यमंत्री ने 2000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं प्रदेश में शुरू की हैं, उनमें से एक चौथाई हिस्सा फतेहाबाद जिला का है। फतेहाबाद जिला को विकास के मामले में अग्रणी बनाने के लिए सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से मांग की जा रही योजनाओं को अब मूर्तरूप दिया जा रहा है। हरियाणा विकास के मामले में आगे बढ़ रहा है।

# ब्लाइंड मर्डर सुलझा, बहन से छेड़छाड़ की रंजिश के चलते की हत्या

**-हरिंदर मर्डर को सुलझाते हुए क्राइम ब्रांच ने आरोपी को किया गिरफ्तार**

**फरीदाबाद, (हि.स.)।** थाना ओल्ड एरिया की फ्रेंडस कॉलोनी में हुए हरिंद्र मर्डर केस को क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 की टीम ने सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने बहन से छेड़छाड़ की रंजिश के चलते उक्त हत्या की थी। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम अमर कुमार(20) है। आरोपी मूल रूप से बिहार के भोजपुर आरा जिले के गांव बरतियर का रहने वाला है तथा वर्तमान में ओल्ड फरीदाबाद की फ्रेंड्स कॉलोनी में रहता है। आरोपी को क्राइम ब्रांच ने हरिंदर ब्लाइंड मर्डर केस में ओल्ड फर-ीदाबाद से गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि हरिंदर ओल्ड फरीदाबाद की फ्रेंड्स कॉलोनी में रहता है। मृतक ने आरोपी की बहन के साथ छेड़छाड़ की थी जिसकी रंजिश के चलते हुए आरोपी ने 2 सितंबर की रात हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी ने हरिंद्र को पहले तो कमरे में पीटा फिर बाहर ले जाकर पत्थर से सिर में चोट मारकर हत्या कर दी। पुलिस द्वारा मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिजनों के हवाले किया गया। मृतक के चाचा की शिकायत पर ओल्ड थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। क्राइम ब्रांच टीम ने फ्रेंड्स कॉलोनी में लोगों से मामले में गहनता से पूछताछ की जिसमें आरोपी के बारे में पुलिस को जानकारी प्राप्त हुई जिसके पश्चात आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। प्राथमिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि हरिंदर उसकी बहन के साथ छेड़छाड़ कर रहा था इसलिए गुस्से में आकर उसने हरिंदर की हत्या कर दी। मामले में गहनता से पूछताछ के लिए आरोपी को रविवार अदालत में पेश करके 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।




# हरियाणा राज्य फार्मेसी काउंसिल में भ्रष्टाचार मामले में दो आरोपियों के चालान पेश

**-सुभाष चन्द्र अरोड़ा व सोहनलाल कंसल पर लगे आरोप सही पाए गए**

**-चेयरमैन दिनेश अदलखां व रजिस्ट्रार राजकुमार वर्मा के मामले की जांच जारी**

**-विजीलेंस ने चेयरमैन व रजिस्ट्रार को खाना नंबर 12 में रखा**




**हिसार, (हि.स.)।** हरियाणा राज्य फार्मेसी काऊंसिल में हुए सर्टिफि-केट घोटाले में विजीलेंस ने दो आरोपियों के चालान पेश कर दिए हैं। इन आरोपियों में हरियाणा राज्य फामेर्सी काऊंसिल के वाइस चेयरमैन सोहनलाल कंसल व भिवानी के सुभाष चन्द्र अरोड़ा शामिल है। दो अन्य आरोपियों अध्यक्ष चेयरमैन दिनेश अदलखां व रजिस्ट्रार राजकुमार वर्मा के मामले की जांच जारी है। फिलहाल दोनों के खिलाफ कोई पुख्ता सबूत न मिलने पर विजीलेंस ने उनके वाइस सैंपल जांच के लिए मधुबन भेजे गए हैं वहीं उन्हें जांच रिपोर्ट के खाना नंबर 12 में रखा गया है। विजीलेंस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दो आरोपियों वाइस चेयरमैन सोहनलाल कंसल व सुभाष चन्द्र अरोड़ा के चालान पेश कर दिए गए हैं। इनकी जांच में विजीलेंस ने पाया है कि सुभाष चन्द्र अरोड़ा उम्मीदवारों को फंसाकर और पैसे के बदले सर्टिफिकेट के लिए तैयार करके लाता था। जब उम्मीदवार इसके लिए राजी हो जाता तो फिर उन्हें वाइस चेयरमैन सोहनलाल कंसल से मिलवा देता। इस तरह सुभाष चन्द्र अरोड़ा पर कई उम्मी-दवारों को फंसाकर लाने व पैसे के बदले सर्टिफिकेट दिलवाने का आरोप है। विजीलेंस के अनुसार सुभाष चन्द्र अरोड़ा को उम्मीदवार लाने की एवज में कमीशन मिलता था और कमीशन के लालच में वह युवाओं को फंसाता था। सोहनलाल कंसल के मामले में विजीलेंस ने जांच में पाया है कि उन्होंने पैसे लेकर उम्मीदवारों को फर्जी सर्टिफिकेट प्रदान किए। ऐसा करके उन्होंने न केवल भ्रष्टाचार किया बल्कि योग्य उम्मीदवारों की अनदेखी की। उन पर पद का दुरूपयोग करने व रिश्वत लेकर सर्टिफिकेट जारी करने का आरोप है। विजीलेंस ने अपनी जांच रिपोर्ट के आधार पर सोहन लाल कंसल व सुभाष चन्द्र अरोड़ा के चालान पेश कर दिए हैं जबकि विजीलेंस की एफआईआर में शामिल दो अन्य आरोपियों चेयरमैन दिनेश अदलखां व रजिस्ट्रार राजकुमार वर्मा के मामले की जांच जारी है। मामले की जांच कर रहे विजीलेंस डीएसपी गौरव शर्मा से केस बारे बात किए जाने पर उन्होंने बताया कि दो आरोपियों सोहन लाल कंसल व सुभाष चन्द्र अरोड़ा पर आरोप साबित होने पर उनके चालान पेश कर दिए गए हैं। दो अन्य आरोपियों चेयरमैन दिनेश अदलखां व रजिस्ट्रार राजकुमार वर्मा के खिलाफ अभी कोई आरोप साबित नहीं हुआ है। दोनों के वाइस सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। यदि वहां से आरोप साबित होते हैं तो आगामी कार्रवाई की जाएगी। दोनों को क्लीन चिट बारे पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इसे क्लीन चिट नहीं बल्कि विभागीय जांच का खाना नंबर 12 होता है, उसमें इन दोनों को रखा गया है। इसके तहत जांच में आरोप साबित होने पर आगे कार्रवाई होती है और यदि कुछ साबित नहीं होता को क्लीन चिट भी मिल सकती है। फिलहाल मामला अंडर इन्वेस्टिगेशन है। इस संबंध में चरखी दादरी जिले के भागवी तहसील के सत्यवान पुत्र रूपचंद ने लगभग दो माह पहले दो जुलाई को विजीलेंस को शिकायत देकर आरोपियों को रंगे हाथों पकडने की मांग की थी।

सत्यवान के अनुसार उसके लडके ने डी-फार्मा किया हुआ है जिस पर उसके लडके ने डी फार्मा सर्टिफिकेट के लिए हरियाणा राज्य फामेर्सी काऊंसिल में ऑनलाइन आवेदन कर दिया और 4150 रुपये फीस भी ऑनलाइन जमा करवा दी। तत्पश्चात उसके लडके ने फामेर्सी काऊंसिल के कार्यालय जाकर ऑफलाइन भी दस्तावेज जमा करवा दिए जिस पर कार्यालय के कर्मचारियों ने उसे 45 दिन में सर्टिफिकेट मिलने की बात कही। कई माह बीतने के बाद भी उसका सर्टिफिकेट नहीं आया। इसी दौरान किसी ने उसके लडके को बताया कि भिवानी के महम रोड स्थित विद्या नगर निवासी सुभाष चन्द्र अरोड़ा पैसे लेकर चेयरमैन दिनेश अदलखां, वाइस चेयरमैन सोहनलाल कंसल व रजिस्ट्रार राजकुमार वर्मा से मिलीभगत करके फार्मासिस्टों के रजिस्ट्रेशन करवाता है। इस पर उसके लडके ने सुभाष चन्द्र अरोड़ा से बात की तो उसने 65 हजार रुपये में सर्टिफिकेट दिलवाने की बात कही। इसके लिए उसने 30 हजार रुपये पहले देने व 35 हजार रुपये सर्टिफिकेट देते समय देने की बात कही। ऐसा कहते हुए उसने गुगल पे पर पैसे मांगे जिस पर उसके लडके ने पहली बार 20 हजार रुपये व दूसरी बार में 10 हजार रुपये उसके नंबर पर डाल दिए। घटना के दिन सुभाष चन्द्र अरोड़ा ने उसके बेटे को सूचना दी कि उसका सटिफिकेट बन गया है, इसलिए बाकी के 35 हजार रुपये अपने पिता को देकर भेज दें और सर्टिफिकेट ले जाएं। शिकायतकर्ता के अनुसार कई अन्य ने भी उसके लडके को बताया कि उन्होंने इसी तरह पैसे देकर सटिफिकेट बनवाए हैं। सत्यवान की शिकायत के अनुसार इस पूरे खेल में चेयरमैन दिनेश अदलखां, वाइस चेयरमैन सोहनलाल कंसल, रजिस्ट्रार राजकुमार वर्मा व सुभाष चन्द्र अरोड़ा द्वारा डी फार्मा धारक लडकों से हरियाणा राज्य फामेर्सी काऊंसिल में रजिस्ट्रेशन करवाने के नाम पर मोटी रिश्वत के रूप में वसूली गई है। सत्यवान की शिकायत पर विजीलेंस ने सुभाष चन्द्र अरोड़ा को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा था उसकी निशानदेही पर सोहनलाल कंसल को दबोचा था। चेयरमैन व रजिस्ट्रार की पूरे केस के दौरान गिरफ्तारी नहीं हो पाई और दो आरोपियों पर आरोप साबित होने के बाद चालान पेश कर दिए गए हैं।

# किराया ना चुकाने पर अप्पू घर वाटर पार्क सील

**-पहले भी विवादों में रहा है अप्पू घर प्रबंधन**



**गुरुग्राम, (हि.स.)।** किराया ना चुकाने पर रविवार को यहां सेक्टर-29 स्थित अप्पू घर वाटर पार्क को सील कर दिया गया। यह सील हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की ओर से लगाई गई है। इसी माह विभाग की ओर से अप्पू घर प्रबंधन को विभाग और इंटरनेशनल अम्यूजमेंट लिमिटेड के बीच वर्ष 2011 में हुए करार को भी कैंसिल करने के आदेश दिए जा चुके हैं। बता दें कि गुरुग्राम मनोरंजन के स्थलों के बुरे दिन चल रहे हैं। कुछ समय पहले यहां सेक्टर-29 में ही करोड़ों रुपये किराया बकाया होने पर किंगडम ऑफ ड्रीम्स पर भी ताला लगाया गया था। अब सेक्टर-29 में हुडा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के साथ में बने अप्पू घर को इंटरनेशनल रिक्रिएशन एवं अम्युजमेंट लिमिट-ेड कंपनी की ओर से संचालित किया जा रहा है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की ओर से अप्पू घर को जमीन दी गई है। अप्पू घर पर 48 करोड़ रुपये किराया और 90 लाख रुपये पानी का बिल बकाया है। अप्पू घर में वाटर पार्क है और पानी के बिना इसकी कोई उपयोगिता नहीं। मिनी समुंद्र की तरह यहां पर वाटर पार्क क्रिएट किया गया है। इतना भारी-भरकम बकाया होने के चलते हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को अप्पू घर पर एक्शन लेना ही पड़ा। हालांकि विभाग की ओर से अप्पू घर प्रबंधन को पूर्व में कई बार नोटिस भी थमाए जा चुके हैं, लेकिन प्रबंधन ने नोटिस को गंभीरता से नहीं लिया। अप्पू घर को सील करने के दौरान ड्यूटी मैजिस्ट्रेट के रूप में तहसीलदार दर्पण कम्बोज, एचएसवीपी संपदा अधिकारी-2 संजीव सिंगला, जेई एनके राणा के अलावा अमन, योगेश और विकास आदि की टीम मौजूद रही।

# 22 व 23 सितंबर को मनाया जाएगा उर्स का पर्व

**-सैय्यद रईसुजजमा जाफरी मदारी**



हिंदुस्तान के पहले मुबल्लिग साय्यदुस्सादत हुजूर वदी उद्दीन अहमद जिंदा शाह मदार हसनी हुसैनी मकनपुरी रजी. अ.के सिलसिले के अजीम बुजुर्ग हुजूर अमीरूल औलिया हजरत सय्यद मोहम्मद मंजर अली जाफरी मदारी वकारी रजी का उर्स की तारीख 22 व 23 सितंबर मकनपुर शरीफ कानपुर नगर यूपी में मनाया जाएगा। उर्स में तमाम मुरीदीन और आलमेदीन तशरीफ लायेंगे। उर्स हर साल की तरह इस साल भी बड़े धूम धाम से मनाया जा रहा है सभी लोगों से हजरात शिरकत करने की अपील की गई है।

DELHI CRIME 05 sep 2022:Layout 1 9/4/2022 8:09 PM Page 4



# अमेरिका ने दिया चीन को झटका, एआई चिप के निर्यात को बंद किया




**वॉशिंगटन (ईएमएस)।** ताइवान को लेकर चीन और अमेरिका के मध्य चल रहे तनाव के बीच अमेरिकी बाइडन सरकार ने अत्याधुनिक चिप निमार्ता कंपनी एनवीडिया कॉर्प और एडवांस्ड माइक्रो डिवाइसेज इंक जैसी दिग्गज अमेरिकी कंपनियों को चीन में एआई चिप का निर्यात बंद करने का आदेश दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका के दांव से चीन के ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े सभी प्रोजेक्ट्स पर ब्रेक लग सकता है। हालांकि इस रोक से अमेरिकी कंपनियों को भी काफी नुकसान झेलना पड़ गया है। निर्यात बंद करने की घोषणा के कुछ घंटों में ही एनवीडिया के शेयर 6.6 फीसदी तक गिरे। कंपनी ने कहा कि प्रतिबंध के कारण मशीन लर्निंग के कार्यों को गति देने के लिए डिजाइन किए गए ए 100 और एच 100 चिप के विकास पर प्रभाव पड़ेगा। साथ ही इस साल घोषित फ्लैगशिप चिप एच 100 के विकास में भी बाधा आ सकती है। इस प्रतिबंध के चलाते एनवीडिया की प्रतिद्वंद्वी कंपनी एडवांस्ड माइक्रो डिवा-इसेज इंक के शेयर भी 3.7 प्रतिशत तक गिर गए हैं। एडवांस्ड माइक्रो डिवाइसेज के प्रवक्ता ने बताया कि नए नियम कंपनी के एमआई 250 आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस चिप को चीन में निर्यात करने से रोक देगा, लेकिन इससे एमआई 100 चिप्स प्रभावित नहीं होगी। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक नए नियमों के कारण अब इस आशंका पर पूर्ण विराम लगेगा, कि चीन इन अत्याधुनिक चिप का इस्तेमाल सैन्य कार्यों में कर पाएगा। इससे पहले अमेरिकी प्रशासन को कई इनपुट मिले थे कि चीन एआई चिप को अपनी मिलिट्री के लिए यूज कर रहा है। चीन में एआई चिप के प्रतिबंध पर अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि यह एडवांस्ड टेक्नोलॉजी को गलत हाथों में जाने से रोकने का एक प्रयास है। अधिकारियों ने बताया कि यह फैसला अमेरिका की सुरक्षा और विदेश नीति को ध्यान में रख कर लिया गया है।

# यूएन मीटिंग में शिरकत करने के लिए रूस ने अमेरिकी वीजा जारी न किए जाने पर जताई चिंता



**जिनेवा (ईएमएस)।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की अहम बैठक में रूस के शामिल होने को लेकर राजदूत वैसिली नेबेंजिया ने कहा कि महासभा में विश्व नेताओं की वार्षिक बैठक में तीन सप्ताह से भी कम समय बाकी रहने के मद्देनजर यह चिंताजनक है कि विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की अगुवाई वाले 56 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के एक भी सदस्य को अभी तक अमेरिका में प्रवेश का वीजा नहीं जारी किया गया है। नेबेंजिया ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस को लिखे एक पत्र में कहा, यह और चिंताजनक है कि पिछले कई महीनों से अमेरिका के प्राधिकारी संयुक्त राष्ट्र के आधिकारिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए अधिकृत रूस के प्रतिनिधियों को प्रवेश वीजा देने से लगातार इनकार कर रहे हैं। इस पत्र की प्रति शुक्रवार रात को प्राप्त हुई है। रूसी राजदूत ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र का मेजबान देश अमेरिका कानूनी रूप से वीजा जारी करता है। उन्होंने कहा कि 19 सितंबर से शुरू हो रही संयुक्त राष्ट्र की उच्च स्तरीय बैठकों में शामिल होने की अर्जी मॉस्को में अमेरिकी दूतावास को सौंपी जा चुकी है। नेबेंजिया ने गुतारेस से अमेरिकी प्राधिकारियों पर एक बार फिर यह दबाव बनाने का आग्रह किया कि वे सभी रूसी प्रतिनिधियों और पत्रकारों समेत उनके साथ आ रहे लोगों को जल्द ही वीजा जारी करें। गौरतलब है कि अमे-रका और रूस के बीच पहले से ही तल्ख रिश्ते मॉस्को द्वारा यूक्रेन पर 24 फरवरी को आक्रमण किए जाने के बाद से और खराब हो गए हैं। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी मिशन के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका मेजबान देश के रूप में अपने दायित्वों को गंभीरता से लेता है और संयुक्त राष्ट्र के कार्यक्रमों में रूसी प्रतिनिधियों के लिए हर साल सैकड़ों वीजा जारी किए जाते हैं। प्र-वक्ता ने कहा, समय से वीजा जारी करने के लिए हम बार-बार संयुक्त राष्ट्र में रूसी मिशन को याद दिलाते हैं कि अमेरिका को जल्द से जल्द आवेदन भेजे जाने चाहिए। उन्होंने कहा, यह खासतौर से महत्वपूर्ण है, क्योंकि रूस में हमारे दूतावास के खिलाफ रूस की अवांछित कार्रवाई से हमारे कर्मचारियों की संख्या और वीजा जारी करने की हमारी क्षमता प्रभावित हुई है।

# बाइडेन प्रशासन ने ताइवान को 1.1 अरब डॉलर के हथियारों की बिक्री को मंजूरी दी, चीन ने किया विरोध



**बीजिंग (ईएमएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रशासन ने ताइवान को 1.1 अरब डॉलर की लागत वाले हथियारों की बिक्री को मंजूरी दी है। चीन ने अमेरिका के इस फैसले का विरोध किया है और कहा है कि इसके बुरे नतीजे भुगतने होंगे। बाइडेन प्रशासन की तरफ से ताइवान को 1.1 अरब डॉलर से ताइवान को 60 एजीएम-84एल हारपून ब्लॉक क्क मिसाइलें और 100 एआईएम-9एक्स ब्लॉक क्कसा-इडविंडर हवा से हवा में हमला करने वाली मिसाइलें मिल सकेंगी। इसके अलावा कुछ फाइटर जेट्स और वॉरशिप्स भी ताइवान को दिए जाने हैं। अमेरिका में चीनी दूतावास की तरफ से कहा गया है कि चीन हथियारों की इस बिक्री का विरोध करता है। दूतावास के प्रवक्ता ल्यू पेंग्यू ने कहा एक फैसले के बाद अमेरिका और चीन के रिश्ते खतरे में आ गए हैं। साथ ही ताइवान स्ट्रैट की शांति और स्थिरता पर भी खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने इसके साथ ही अमेरिका से इस बिक्री को तुरंत कैंसिल करने की मांग की है। श-ुक्रवार को बाइडेन प्रशासन की तरफ से ट्विटर पर औपचारिक तौर पर अमेरिकी कांग्रेस के सामने हथियारों की इस बिक्री की जानकारी दी गई थी। अमेरिकी विदेश विभाग की तरफ से कहा गया है कि हथियारों की बिक्री अमेरिका की लंबी चली आ रही उस नीति के तहत रक्षात्मक हथियारों को मुहैया कराना है। अमेरिका ने इस बिक्री को ताइवान की सुरक्षा के लिए जरूरी करार दिया है। चीन ने हालांकि अमे-रका पर उसके आतंरिक मामलों में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया है। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी अक्सर यह दावा करती आई है कि ताइवान उसकी सीमा में आता है, जबकि ताइवान कहता है कि वह एक आजाद देश है। चीन ने इस पर कभी शासन नहीं किया। चीनी सरकार ने कई बार कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो इसके लिए मिलिट्री का भी प्रयोग किया जाएगा। लू ने ट्वीट कर कहा अमेरिका चीन के आतंरिक मामलों में हस्तक्षेप करता है और ताइवान को हथियार देकर चीन की संप्रभुता, सुरक्षा को कम कर आंक कर रहा है। उन्होंने लिखा यह ताइवान की अलगाववादी ताकतों की तरफ एक मजबूत इशारा है और इसने चीन-अमे-रका के रिश्तों को गंभीर तौर पर खतरे में डाल दिया है। ल्यू ने अमेरिका से एक चीन नीति का सम्मान करने को कहा है। दूसरी तरफ से ताइवान ने अमेरिका के फैसले का स्वागत किया है। ताइवान की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहने पर उसने अमेरिकी सरकार को धन्यवाद कहा है। ताइवानी विदेश विभाग की तरफ से कहा गया है कि चीन की तरफ से हाल ही में लगातार सैन्य तौर पर भड़काऊ कार्रवाई की जा रही है और वह यथास्थिति में एकपक्षीय बदलाव करने की तरफ बढ़ रहा है। इसकी वजह से संकट पैदा हो सकता है। ताइवान का कहना है कि चीन उसे कमजोर समझने की भूल न करे।

# नासा को निराशाः ऑर्टेमिस-1 की लॉन्चिंग आखिरी समय में फिर टालनी पड़ी



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा को अपना महत्वाकांक्षी मून मिशन 'आर्टेमिस-1' की लॉन्चिंग एकबार फिर टालनी पड़ी है। गत रात 11 बजकर 47 मिनट पर इसकी लॉन्चिंग होनी थी लेकिन आखिरी समय पर यह टाल दी गई। बताया जाता है कि परीक्षण की अंतिम तैयारियों के लिए जब इसमें ईंधन भरा जा रहा था तब इसमें खतरनाक रिसाव हुआ। रॉकेट में ईंधन पहुंचाने वाले सिस्टम को दुरुस्त करने की कोशिश की गई लेकिन इसमें कामयाबी नहीं मिलने के कारण लॉन्चिंग फिलहाल टाल दी गई। इसकी नयी तारीख की घोषणा नहीं की गई है। गौरतलब है कि इससे पहले 29 अगस्त को रॉकेट के 4 में से तीसरे इंजन में आई तकनीकी गड़बड़ी व खराब मौसम के कारण इसकी लॉन्चिग टाली जा चुकी है। अमेरिका 53 साल बाद अपने मून मिशन आर्टेमिस के माध्यम से इंसानों को चांद पर एकबार फिर भेजने की तैयारी कर रहा है और आर्टेमिस-1 इस दिशा में पहला कदम है। यह मिशन का एक टेस्ट फ्लाइट है जिसमें अंतरिक्ष यात्री नहीं होंगे।


# किसान ने टमाटर उगाने का अनोखा रेकॉर्ड बनाया

## -एक ही पौधे पर 1-2 नहीं बल्कि पूरे 5,891 टमाटर आए



**लंदन (ईएमएस)।** ब्रिटेन के एक किसान ने टमाटर उगाने का एक अनोखा रेकॉर्ड बनाया है। हर्टफोर्डशायर में एक शख्स ने एक ही बेल पर 5,891 टमाटर उगाए हैं। किसान डगलस स्मिथ (44) ने लाल और हरे टमाटर की गिनती की है। सभी टमाटर का वजन कुल मिला कर 20 किग्रा से ज्यादा था। इससे पहले एक ही बेल में सबसे ज्यादा टमाटर उगाने का रेकॉर्ड मिडलैंड्स के कोवेंट्री के सुरजीत सिंह कैंथ के पास था। \सुरजीत ने एक ही बेल पर 1,344 टमाटर उगाए थे। इसी बीच हैम्पशायर के एक शौकिया माली ने दुनिया का सबसे बड़ा खीरा उगाया है। उनका ये कारनामा गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रेकॉर्ड में दर्ज किया गया है। सैबेस्टियन सुकी ने 3 फीट लंबा खीरा उगाया है जो बाजार में मिलने वाले औसत खीरे से चार गुना ज्यादा बड़ा है। वहीं, इसका वजन 20 गुना ज्यादा है। सबसे ज्यादा टमाटर उगाने वाले डगलस स्मिथ इससे पहले 20 फीट लंबा सूरजमुखी का पौधा उगा कर रेका-ॅर्ड बना चुके हैं। स्मिथ एक IT मैनेजर हैं जो हर्टफोर्डशायर के स्टैनस्टेड एबॉट्स में अपने बेटे स्टेलन और पत्नी पाइपर के साथ रहते हैं। वह शौकिया तरीके से किसानी करते हैं। उन्हे उम्मीद है कि इस बार जब वह टमाटर उगाएंगे तो इसकी आधिकारिक मान्यता मिलेगी। हालांकि टमाटर उगाने का उनका ये रेकॉर्ड दो अन्य गवाहों ने भी देखा है। 2020 में स्मिथ 20 फीट लंबा सूरजमुखी पौधा उगा कर चर्चा में आए थे, जो उनके घर से भी ऊंचा था। ये यूके का सबसे बड़ा सूरजमुखी का पौधा था। स्मिथ ने आगे कहा कि उन्होंने रेकॉर्ड बनाने के लिए टमाटर उगाया था। लेकिन उन्हें उम्मीद नहीं थी कि ये संख्या 6000 टमाटर के करीब पहुंच जाएगी।

# पाकिस्तान में एक घर के सामने खड़ी मिली लंदन से चोरी 2 करोड़ रुपए की लग्जरी बेंटले कार



**करांची (ईएमएस)।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन से चोरी हुई एक बेहद लग्जरी गाड़ी अधिकारियों को पाकिस्तान के कराची शहर में मिली है। बेंटले मल्सैन को लंदन से चोरी कर कराची लाया गया था। कराची के कस्टम अधिकारियों ने पुष्टि की है कि ब्रिटेन की खुफिया एजेंसी ने पाकिस्तानी अधिकारियों को सूचना दी थी कि चोरी की गाड़ी कराची के डिफेंस हाउसिंग अथॉरिटी (डीएचए) इलाके में एक घर में खड़ी है। कस्टम विभाग ने गाड़ी के मालिक को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। बेंटले मल्सैन काफी महंगी गाड़ियों में गिनी जाती है, इसकी कीमत 3,00,000 डॉलर (करीब 2 करोड़ रुपए से अधिक) से अधिक है और यह ब्रांड की सबसे बड़ी और सबसे महंगी सेडान है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक ब्रिटिश खुफिया एजेंसी ने विभाग को एक ग्रे बेंटले मल्सैन-वी8 ऑटोमैटिक, वीआईएन नंबर एससीबीबीए63वाई7एफउ0013 75, इंजन नंबर सीकेबी304693 के बारे में सूचना मुहैया कराई थी जो कराची के डीएचए इलाके में खड़ी मिली। सूचना के बाद अधिकारियों ने छापेमारी कर गाड़ी को घर से बरामद किया। पूछताछ में गाड़ी के मालिक ने कहा कि एक दूसरे शख्स ने उसे यह गाड़ी बेची थी। ट्विटर पर शेयर किए गए एक वीडियो में ग्रे कलर की शानदार बेंटले कार को देखा जा सकता है। वीडियो में कुछ लोग गाड़ी को धक्का देते हुए नजर आ रहे हैं। अधिकारियों ने एक अन्य बंगले से बिना लाइसेंस के हथियार भी बरामद किए हैं। कार की चाबियां न होने की वजह से अधिकारी गाड़ी को उठाकर अपने साथ ले गए। यह गाड़ी लंदन में कुछ हफ्ते पहले चोरी हुई थी और गिरोह में शामिल लोग पूर्वी यूरोपीय देश के एक शीर्ष राजनयिक के दस्तावेजों का उपयोग करके कार को पाकिस्तान ले आए थे। बताया गया है कि उक्त राजनयिक को उसकी सरकार ने अब वापस बुला लिया है। अधिकारियों ने मकान मालिक के पर्याप्त दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पाने पर उसे और कार बेचने वाले दलाल को हिरासत में ले लिया है।

## आज का इतिहास 05 सितम्बर

1612 ईस्ट इंडिया कंपनी की नौसेना का गठन हुआ.

1698 रूस के जार पीटर ने दाढ़ी पर कर लगाने का आदेश दिया.

1763 मीर कासिम और अंग्रेजों के बीच राजमहल के निकट दयनाला में लड़ाई हुई जिसमें मीर कासिम को पराजय का मुंह देखना पड़ा.

1888 राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म.

1905 रूस जापान युद्ध समाप्त हुआ था.

1939 द्वितीय विश्व युद्ध में अमरीका ने तटस्थता की घोषणा की.

1957 संपत्ति कर विधेयक पारित हुआ.

1962 आज से यह दिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है.

1972 पश्चिम जर्मनी की पुलिस द्वारा आतंकवादियों की खिलाफ की गई कार्रवाई में 24 घंटे चली गोलीबारी में इजरायल के ग्यारह ओलंपिक एथलीट, चार फिलीस्तीनी छापामार और एक पुलिसकर्मी मारा गया.

1986 मैनएक जेट के अपहर्ताओं ने पाकिस्तान में यात्रियों पर गोलियां चलाई जिससे 21 लोग मारे गए और कई लोग घायल हो गए.

1990 'प्रसार भारती' बिल राज्यसभा में पास हुआ.

1990 प.बंगाल के भूतपूर्व मुख्यमंत्री प्रफुल्ल सेन का कलकत्ता में निधन.

1991 प्रसिद्ध लेखक शरद जोशी का मुंबई में निधन.

1997 मदर टेरेसा का कोलकाता में निधन.

# पूर्व पीएम इमरान की शाहबाज को चुनौती, हमारी पार्टी के कार्यकर्ताओं का राजनीतिक उत्पीड़न नहीं करे

**इस्लामाबाद (ईएमएस)।** पाकिस्तानी पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने शाहबाज शरीफ सरकार को आगाह किया है, कि अगर उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं का राजनीतिक उत्पीड़न जारी रहा, तब वह इस्लामाबाद तक एक विशाल रैली निकालूंगा। देश की सबसे घनी आबादी वाले पंजाब प्रांत में जनसभा को संबोधित कर इमरान ने कहा कि उनकी पाकिस्तान तहर-ीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के कार्यकर्ताओं को तब से ही अनावश्यक रूप से निशाना बनाया जा रहा है, जब इस साल अप्रैल में अविश्वास प्रस्ताव के जरिए उन्हें प्रधानमंत्री पद से हटाया गया था। इमरान ने कहा कि, यदि मौजूदा स-रकार ने पीटीआई समर्थकों को निशाना बनाना नहीं बंद किया, तब इस्लामाबाद तक आजादी आंदोलन किया जाएगा। मैं आज आपको (पीएमएल-एन नीत सरकार) आगाह कर रहा हूं कि अगर आपने यह राजनीतिक उत्पीड़न जारी रखा, तब हमारा न्याय आंदोलन इस्लामाबाद पहुंचेगा और आपको छिपने की जगह नहीं मिलेगी। इमरान ने अपने करीबी सहयोगी शहबाज गिल सहित पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं को राजद्रोह के आरोपों में गिरफ्तार करने के बाद से सरकार के खिलाफ हमले तेज कर दिए हैं। पीटीआई के 69 वर्षीय अध्यक्ष ने गिल पर कथित बलपूर्वक कार्रवाई के लिए सरकार की निंदा कर आरोप लगाया कि उन्हें प्रताड़ित किया गया। इमरान ने सभा को संबोधित कर कहा कि स-रकार ने पत्रकार जमील फारूकी को भी प्रताड़ित किया। उन्हें नग्न होने के लिए मजबूर कर अपमानित किया गया। हलीम आदिल के खिलाफ भी कई मुकदमे दर्ज किए गए हैं। उन्हें भी जेल में प्रताड़ित किया जा रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री ने युवाओं से कहा कि उन्हें एक साथ मिलकर देश के न्यायिक तंत्र को बेहतर बनाने के लिए काम करना चाहिए। इस बीच राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने शुक्रवार को राजनीतिक दलों से विनाशकारी बाढ़ के कारण अपनी राजनीतिक गतिविधियों को रोकने का आग्रह करते हुए कहा कि राष्ट्रीय संस्थानों के भीतर विभाजन पैदा करने वाली बातें राष्ट्र हित में नहीं हैं।

# पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने मनोरंजन जगत में की धमाकेदार एंट्री, हासिल किया एमी अवार्ड

**वाशिंगटन (ईएमएस)।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने हॉलीवुड में धमाकेदार एंट्री की है। नोबल शांति पुरस्कार सहित लगभग सभी बड़े पुरस्कारों से सम्मानित बराक ओबामा ने हॉलीवुड में एंट्री के साथ ही टेलीविजन जगत की प्रतिष्ठित एमी अवार्ड को जीत लिया है। टेलीविजन अकादमी ने शनिवार को बराक ओबामा को उनकी नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होने वाली डॉक्यूमेंटरी सीरीज ऑवर ग्रेट नेशनल पार्क्स में नैरेशन (कथा का वर्णन सुनाने वाले) देने के लिए एमी अवार्ड से सम्मानित किया है। अमेरिका के दो बार राष्ट्रपति रह चुके दुनिया के लोकप्रिय नेताओं में शुमार बराक ओबामा को नोबेल का शांति पु-रस्कार भी मिल चुका है। उन्हें संगीत की दुनिया का सबसे बड़ा अवार्ड ग्रेमी भी दो बार मिल चुका है। अब उन्हें टेलीविजन जगत की सबसे प्रतिष्ठित अवार्ड एमी भी मिल गया है। इस तरह देखा जाए तो मनोरंजन जगत में दुनिया के 4 बड़े अवार्ड में से दो अवार्ड अब उनके खाते में बचे हैं। वे हैं ऑस्कर और टोनी। इन चारो अवार्ड को ईजीओटी कहा जाता है। इसका मतलब यह हुआ कि यदि वे दो अवार्ड और जीत लेते हैं तो वे ईजीओटी क्लब में शामिल हो जाएंगे। अब तक केवल 17 लोगों ने ईजीओटी हासिल किया है, जिसमें मेल ब्रूक्स, व्हूपी गोल्डबर्ग, ऑड्रे हेपबर्न और हाल ही में जेनिफर हडसन शामिल हैं। इससे पहले एक अन्य अमेरिकी राष्ट्रपति को 1956 में एमी मिल चुका है।



कैलीफोर्निया में एक मिल में लगी आग में जली एक कार।

(फोटो-ईएमएस)

DELHI CRIME 05 sep 2022:Layout 1 9/4/2022 8:09 PM Page 5



# भारत अन्य देशों की तुलना में मजबूत स्थिति में: सीतारमण




**हैदराबाद (ईएमएस)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि के दहाई अंकों में बने रहने की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा कि अन्य देशों की तुलना में भारत मजबूत स्थिति में है और जरूरतमंद वर्गों को मदद देने के लिहाज से जिम्मेदार भी है। सीतारमण ने संवाददाताओं से बातचीत में जीडीपी वृद्धि को लेकर सकारात्मक रुख दशार्या। इस दौरान उन्होंने उन खबरों का हवाला भी दिया जिनमें कहा गया था कि देश में मंदी का खतरा नहीं है। कुछ दिन पहले जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में देश की अर्थव्यवस्था 13.5 फीसदी की दर से बढ़ी है। वित्त मंत्री ने कहा कि कुछ लोग इस उच्च वृद्धि के लिए पिछले साल के निम्न आधार को जिम्मेदार बताने की कोशिश करेंगे। हम जिन अर्थव्यवस्थाओं की बात कर रहे हैं उनकी तुलना में हम मजबूत स्थिति में हैं। हम वास्तव में सबसे तेजी से वृद्धि करती हुई अर्थव्यवस्था हैं। उन्होंने विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) की रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि भारत से कहीं अधिक विकसित मानी जाने वाली अर्थव्यवस्थाएं इस समय मंदी की कगार पर हैं। सरकारों की तरफ से बांटे जाने वाले मुफ्त उपहारों से जुड़े एक सवाल पर सीतारमण ने कहा कि हमें इस चर्चा में हिस्सा जरूर लेना चाहिए क्योंकि अगर आप किसी को कुछ निःशुल्क दे रहे हैं तो इसका मतलब है कि उसका बोझ कोई और उठा रहा है। उन्होंने सुझाव दिया कि सत्ता में आने वाली किसी भी सरकार को अपनी वित्तीय स्थिति का आकलन करने के बाद मुफ्त उपहारों के लिए वित्तीय प्रावधान करना चाहिए।

# देश का व्यापार घाटा बढ़कर 28.68 अरब डॉलर पहुंचा




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** देश का निर्यात अगस्त महीने में 1.15 फीसदी घटकर 33 अरब डॉलर रहा है जबकि व्यापार घाटा (ट्रेड डेफिसिट) दोगुने से भी अधिक बढ़कर 28.68 अरब डॉलर हो गया है। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी प्रारंभिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। एक साल पहले अगस्त 2021 में व्यापार घाटा 11.71 अरब डॉलर रहा था। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक अगस्त 2022 में देश का आयात एक साल पहले की तुलना में 37 फीसदी बढ़कर 61.68 अरब डॉलर हो गया है। हालांकि वाणिज्य सचिव बीवीआर सुब्रमण्यम ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में देश का कुल निर्यात 450 अरब डॉलर के पार जाने की उम्मीद है। उत्पाद निर्यात में हम इस वित्त वर्ष में 450 अरब डॉलर का आंकड़ा पार कर लेंगे। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान देश का निर्यात 17.12 फीसदी बढ़कर 192.59 अरब डॉलर हो गया, वहीं आयात 45.64 फीसदी बढ़कर 317.81 अरब डॉलर हो गया। इसी अवधि में देश का व्यापार घाटा बढ़कर 125.22 अरब डॉलर हो गया जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 53.78 अरब डॉलर था। अगस्त में तेल आयात 86.44 फीसदी बढ़कर 17.6 अरब डॉलर हो गया जबकि सोने का आयात 47.54 फीसदी गिरकर 3.51 अरब डॉलर हो गया। जब कोई देश निर्यात की तुलना में आयात ज्यादा करता है तो उसे व्यापार घाटा कहते हैं यानी वह देश अपने यहां ग्राहकों की जरूरत को पूरा करने के लिए वस्तुओं और सेवाओं का पर्याप्त उत्पादन नहीं करता है तो उसे दूसरे देशों से आयात करना पड़ता है। इसके विपरीत अगर कोई देश आयात की तुलना में निर्यात ज्यादा करता है तो ट्रेड सरप्लस कहा जाता है।

# वैश्विक रुझान और विदेशी कोषों की आवक तय करेगी बाजार की दिशा : विश्लेषक

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** इस सप्ताह महत्वपूर्ण घरेलू घटनाक्रम की गैर-मौजूदगी में शेयर बाजारों की दिशा वैश्विक रुझानों, विदेशी कोषों की आवक और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव से तय होगी। अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दरों में लगातार तीसरी बार 0.75 प्रतिशत बढ़ोतरी करने की प्रबल संभावना के डर का साया भी रहेगा। विश्लेषकों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इस सप्ताह की प्रमुख वैश्विक घटनाएं यूरोपीय सेंट्रल बैंक द्वारा ब्याज दर पर फैसला और चीन की मुद्रास्फीति दर हैं। बाजार के जानकारों ने कहा कि भारतीय इक्विटी बाजार, ज्यादातर वैश्विक बाजारों के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं और कमजोर वैश्विक संकेतों के बावजूद लचीलापन दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। इस सप्ताह घरेलू मोर्चे पर कोई महत्वपूर्ण घटनाक्रम नहीं है, इसलिए वैश्विक बाजारों की दिशा हमारे बाजार की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। वैश्विक मोर्चे पर यूरोपीय सेंट्रल बैंक आठ सितंबर 2022 को ब्याज दर के बारे में फैसला करेगा। इसके अलावा अगस्त के लिए सेवा क्षेत्र के पीएमआई आंकड़े भी बाजार को प्रभावित करेंगे। ये आंकड़े सोमवार को आएंगे। बाजार विश्लेषक कहते हैं कि किसी भी बड़े घटनाक्रम के अभाव में प्रतिभागियों की नजर वैश्विक बाजारों पर होगी। इसके अलावा विदेशी प्रवाह के रुख पर भी उनकी नजर रहेगी। एफपीआई आवक बढ़ने से घरेलू शेयर बाजारों को लचीला बने रहने में मदद मिली। हालांकि पिछले दिनों अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने बाजार की उम्मीदों के विपरीत मौद्रिक सख्ती की ओर इशारा किया। ऐसे में आर्थिक मंदी की चिंताएं बढ़ गईं और दुनिया भर के बाजारों पर इसका असर देखने को मिला।

# पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** सरकारी तेल कंपनियों ने रविवार को भी पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। अभी सस्ते पेट्रोल-डीजल के लिए और इंतजार करना पड़ सकता है। ब्रेंट क्रूड इस समय 93 डॉलर प्रति बैरल के आसपास चल रहा है। कच्चे तेल में गिरावट के बाद यह कयास लगाए जा रहे हैं कि घरेलू बाजार में भी पेट्रोल-डीजल के भाव कम हो सकते हैं। इन दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.60 रुपए और डीजल 89.77 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.26 रुपए और डीजल 89.45 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

# टाटा समूह की कंपनी टाटा प्ले आईपीओ लाने की तैयारी में




**मुंबई (ईएमएस)।** देश के शेयर बाजार में सुधार के चलते निवेशक काफी आशांवित दिख रहे हैं ऐसे में आईपीओ मार्केट ने फिर से रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी है। हर हफ्ते अब आईपीओ आने लगे हैं। अब टाटा ग्रुप की एक और कंपनी टाटा प्ले अपना आईपीओ लाने जा रही है। टाटा प्ले को पहले टाटा स्काई के नाम से जाना जाता था। टाटा प्ले वास्तव में टाटा समूह और वाल्ट डिज्नी इंडिया का एक संयुक्त उपक्रम है। टाटा समूह के उपग्रह टेलीविजन व्यवसाय टाटा स्काई को वर्ष की शुरूआत में टाटा प्ले लिमिटेड के रूप में दोबारा ब्रांडेड किया गया था। कंपनी इस महीने के अंत तक आईपीओ के लिए सेबी के पास पेपर जमा करा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, यह इश्यू कम से कम 2 हजार से 3 हजार करोड़ रुपए के बीच हो सकता है। टाटा स्काई ने 2004 में टाटा संस और नेटवर्क डिजिटल डिस्ट्रीब्यूशन सर्विसेज एफजेड-एलएलसी (एनडीडीएस) के बीच 80:20 के ज्वाइंट वेंचर के रूप में काम शुरू किया। एनडीडीएस रूपर्ट मर्डोक की 21 सेंचुरी फॉक्स के स्वामित्व वाली इकाई है। डिजनी ने 2019 में फॉक्स का अधिग्रहण किया। डिजनी के पास टीएस इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के माध्यम से टाटा स्काई में एक और 9.8फीसदी हिस्सेदारी है। कंपनी में टाटा संस की 41.49 फीसदी हिस्सेदारी है। देश के लीडिंग डायरेक्ट-टू-होम प्लेटफॉर्म में शुमार टाटा प्ले आईपीओ के लिए तेजी से काम कर रही है। कंपनी ने इस दिशा में कदम उठाते हुए कोटक महिंद्रा बैंक को पहले ही इस आईपीओ के लिए लीड बैंकर नियुक्त कर दिया है। वहीं, भारत के सबसे बड़े कॉरपोरेट लॉ फर्म्स में से एक सिरील अमरचंद मंगलादास (सीएएम) को इस आईपीओ के लिए एडवाइस देने और उसके बाद लिस्टिंग के लिए राय देने के लिए चुना है।

# अगस्त में विदेशी निवेशकों का निवेश 20 महीने के उच्चतम स्तर पर




**मुंबई (ईएमएस)।** विदेशी निवेशकों ने अगस्त में भारतीय इक्विटी बाजारों में 51,200 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक यह 20 महीनों की उच्चतम आवक है। तेल कीमतों में स्थिरता और जोखिम लेने की भावना में बढ़ोतरी के चलते विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का रुझान भारत की ओर बढ़ा है। इससे पहले जुलाई में एफपीआई ने लगभग 5,000 करोड़ रुपए का निवेश किया था। एफपीआई ने लगातार नौ महीनों तक बड़े पैमाने पर बिकवाली करने के बाद जुलाई में पहली बार खरीदारी की थी। उन्होंने अक्टूबर 2021 से जून 2022 के बीच भारतीय इक्विटी बाजारों से 2.46 लाख करोड़ रुपए निकाले। भारत इस महीने भी एफपीआई की आवक दर्ज करेगा। हालांकि अगस्त की तुलना में इसकी गति धीमी हो सकती है। मुद्रास्फीति, डॉलर का रुख और ब्याज दर एफपीआई प्रवाह को निर्धारित करेंगे। फिर से बाजार में रिकवरी देखने को मिल रही है।

बाजार में रिकवरी के बाद आईपीओ बाजार भी रफ्तार पकड़ने लगा है। अब हर हफ्ते आईपीओ आ रहे हैं। साथ ही फिर से आईपीओ में लिस्टिंग गेन देखने को मिल रही है। जिन कंपनियों ने अपने आईपीओ होल्ड किए थे अब वे फिर से सक्रिय हो गए हैं।

# 8 सितंबर को लांच होगी महिंद्रा की एक्सयूवी 400

## -कंपनी चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने शेयर की यह जानकारी




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** स्वदेशी कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने कहा है कि एक्सयूवी 400 का टीजर ट्विटर पर शेयर किया है। इसमें आप एक्सयूवी 400 को महिंद्रा के नए लोगो के साथ देख सकते हैं। यह एक इलेक्ट्रिक कार है जो 8 सितंबर को रिवील की जाएगी। बता दें कि इस कार को लेकर काफी दिन से चर्चा हो रही थी और आखिरकार महिंद्रा ने इससे पर्दा उठाने का फैसला कर लिया है। महिंद्रा ने हाल ही में नई स्कॉर्पियो एन और स्कॉर्पियो क्लासिक लॉन्च की थी। एक्सयूवी 400 को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। यह एक्सयूवी300 प्लेटफॉर्म पर आधारित कार है। जून में रिपोट्र्स आई थीं कि इस गाड़ी की टेस्टिंग शुरू कर दी गई है। अनुमान के अनुसार, इसकी लंबाई 4.2 मीटर होगी। ऐसा होने पर ही कार को सब्सिडी का लाभ मिल पाएगा। खबरों के अनुसार, इसका डिजाइन एक्सयूवी 300 से बिलकुल अलग होगा क्योंकि पूरी तरह से दोबारा डिजाइन किया गया है। इसमें नए डिजाइन वाला टेलगेट और बंपर डिजाइन भी होगा। इसकी टेललैंप का डिजाइन बिलकुल बदल दिया गया है।

इसमें नई हेडलाइंस, क्लोज्ड फ्रंट ग्रील और अलॉय व्हील्स देखने को मिल सकती हैं। इस कार में 2 बैटरी पैक विकल्प में देखने को मिलेंगे। साथ ही 350वी और 380वी का पावरट्रेन भी आपको दिख सकता है। रिपोट्र्स की माने तो इसकी छोटी बैटरी की रेंज थोड़ी कम है और यह एक बार फुल चार्ज होने पर 300-350 किलोमीटर का सफर तय करेगी। वहीं, बड़ी बैटरी लंबा सफर तय कर सकेगी। इस कार की सीधी टक्कर टाटा की नेक्सॉन ईवी से होगी। इस कार को पहली बार 2020 में आयोजित हुए ऑटो एक्स्पो में देखा गया था।

# रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर बनाने जा रही हीरो कंपनी


## -कंपनी ने किया बड़ा ऐलान



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** जानी-मानी कंपनी हीरो नए टेक्नोलॉजिकल और एडवांस इनोवेशन पर काम करने के लिए एक रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर बनाने जा रही है। हीरो इलेक्ट्रिक भर्ती अभियान के जरिए रोजगार बढ़ाने पर भी फोकस कर रही है। हीरो इलेक्ट्रिक के सीईओ सोहिंदर गिल ने कहा कि कंपनी की टीम लगातार नए आईडिया विकसित करने और कॉन्सेप्ट पर काम कर रही है। गिल ने कहा, नया आर-एंडडी सेटअप हमारे भविष्य के उत्पाद विकास का केंद्र होगा, जिसमें इलेक्ट्रिक वाहनों में नई और एडवांस तकनीकों को शामिल किया जाएगा। इस रिचर्स एंड डेवलपमेंट सेंटर स्थापित करने के साथ हीरो इलेक्ट्रिक का लक्ष्य रोजगार के अवसर पैदा करना है। कंपनी ने कहा कि उसका हीरो केयर कार्यक्रम पेशेवर और व्यक्तिगत रूप से विकसित करने के अवसर प्रदान करता है। हीरो इलेक्ट्रिक की ह्यूमन रिसोर्स की अधिकारी मनु शर्मा ने कहा, हम संभावित प्रतिभा और मौजूदा कर्मचारियों के साथ जुड़ने के लिए एक टैलेंट कम्यूनिटी का निर्माण करना चाहते हैं। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का भविष्य है और ग्रीन मोबिलिटी स्पेस में हीरो का अनुभव इसे एक बेहतर संगठन बनाता है। दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग को पूरा करने के उद्देश्य से हीरो इलेक्ट्रिक ने हाल ही में बाजारों में कई डीलरशिप का उद्घाटन किया और मध्य प्रदेश में महिंद्रा के पीथमपुर प्लांट से इलेक्ट्रिक स्कूटर का अपना पहला बैच शुरू किया है। ईवी कंपनी ने अपनी मैन्युफैक्चरिंग क्षमता बढ़ाने के लिए लुधियाना में एक दूसरा प्लांट बनाने का ऐलान किया है। हीरो इलेक्ट्रिक ने हाल ही में को इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने को लेकर जियो-बीपी के साथ करार किया है। इस पार्टनरशिप के तहत हीरो इलेक्ट्रिक के ग्राहकों को जियो-बीपी के चार्जिंग और बैटरी स्वैपिंग नेटवर्क का इस्तेमाल करने की सुविधा मिलेगी।

# दैनिक पंचांग

**05 सितम्बर 2022 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 06.38 बजे से |
| चंद्र | धनु में | तुला | 08.49 बजे से |
| मंगल | वृष में | वृश्चिक | 11.04 ब.से |
| बुध | कन्या में | धनु | 13.20 बजे से |
| गुरु | मीन में | मकर | 15.25 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | कुंभ | 17.11 बजे से |
| शनि | मकर में | मीन | 18.44 बजे से |
| राहु | मेष में | मेष | 20.15 बजे से |
| केतु | तुला में | वृष | 21.55 बजे से |
| **राहुकाल** 7.30 से 9.00 बजे तक | | मिथुन | 23.53 बजे से |
| | | कर्क | 02.06 बजे से |
| | | सिंह | 04.22 बजे से |

**सोमवार** 2022 वर्ष का 248 वां दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2079 **शक संवत्** 1944
**मास** भाद्रपद **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** नवमी 08.28 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मूल 20.06 बजे को समाप्त।
**योग** प्रीति 11.27 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 08.28 बजे तदनन्तर तैतिल 19.14 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 08.7 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 06° 54'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1871362
**जूलियन दिन** 2459827.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2548
**हिजरी सन्** 1444
**महीना** सफर **तारीख** 08
**विशेष** डॉ. राधाकृष्णन जयंती, शिक्षक दिवस, संत मदर टेरेसा पुण्यतिथि।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **अमृत** | 05.53 से | 07.22 बजे तक | **चर** | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| **काल** | 07.22 से | 08.50 बजे तक | **रोग** | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| **शुभ** | 08.50 से | 10.19 बजे तक | **काल** | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| **रोग** | 10.19 से | 11.48 बजे तक | **लाभ** | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| **उद्वेग** | 11.48 से | 01.17 बजे तक | **उद्वेग** | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| **चर** | 01.17 से | 02.45 बजे तक | **शुभ** | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| **लाभ** | 02.45 से | 04.14 बजे तक | **अमृत** | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| **अमृत** | 04.14 से | 05.43 बजे तक | **चर** | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# एलएमएल 3 नए इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर लॉन्च करेगी

## -फिर हो रही ऑटोमोबाइल कंपनी की वापसी




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** ऑटोमोबाइल क्षेत्र की कंपनी एलएमएल अगले महीने अपनी स्थापना की गोल्डन जुबली के मौके पर तीन नए इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर से पर्दा उठाएगी। भारतीय मोटरसाइकिल निर्माता एलएमएल कंपनी एक बार फिर से वापसी करने जा रहा है। यह ग्लोबल कार्यक्रम एलएमएल की बाजार में वापसी को दिखाता है। कंपनी इवेंट में आने वाले इलेक्ट्रिक मॉडल्स की जानकारी शेयर करेगी, जिसमें फीचर्स, डिजाइन, टेक्नोलॉजी, फंक्शनलिटी और अन्य जानकारी शामिल हैं। एलएमएल अगले महीने ही अर्बन मोबिलिटी स्पेस को मजबूत करने की अपनी स्ट्रेटजी के साथ-साथ अपने नए रूप का भी खुलासा करेगी। कंपनी ने पुष्टि की है कि वैश्विक ईवी बाजार में लॉन्च होने से पहले तीन टू-व्हीलर मॉडल के कॉन्सेप्ट वेरिएंट का पूरी तरह से टेस्ट किया जाएगा। एलएमएल इलेक्ट्रिक के एमडी और सीईओ डॉ। योगेश भाटिया के अनुसार, हम खुश हैं, क्योंकि हम धीरे-धीरे दुनिया भर में एलएमएल की वापसी की तारीख के करीब पहुंच रहे हैं। हमारे पहले 3 इलेक्ट्रिक वाहनों के कॉन्सेप्ट का अनावरण 29 सितंबर को किया जाएगा, जहां हम सभी आवश्यक जानकारी शेयर करेंगे और यह भी बताएंगे कि आज इलेक्ट्रिक व्हीकल के दौर में किस तरह बदलाव ला सकते हैं। 29 सितंबर को आने वाले इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर वाहनों के बारे में अब तक कंपनी ने कोई खुलासा नहीं किया है। इसलिए अब तक प्राडक्ट की किसी भी तरह की जानकारी सामने नहीं आई है। भाटिया ने कहा, हमारे आगामी उत्पादों को सर्वश्रेष्ठ तकनीक और सुविधाओं के साथ पैक किया गया है और हमें विश्वास है कि वे इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति वैश्विक उपभोक्ताओं के पहले से विकसित विश्वास और प्यार को मजबूत करेंगे।ह्व एलएमएल ने इस साल की शुरूआत में टू-व्हीलर मैन्युफैक्चरर सिएरा इलेक्ट्रिक ऑटो से हाथ मिलाया था। यह वहीं कंपनी है जो भारत में हार्ले डेविडसन के लिए मोटरसाइकिल का निर्माण करती है। उम्मीद की जा रही है कि एलएमएल के आने वाली इलेक्ट्रिक टू-व्हीलरों का निर्माण भी सिएरा इलेक्ट्रिक करेगी।

# आज का राशिफल

आज का भाग्य

**शुभ संवत 2079, शाके 1944, सौम्य गोष्ठ, भाद्र पद शुक्ल पक्ष, वर्षा ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय पूर्वे तिथि, दसवी, सोमवासरे, मूल नक्षत्रें, प्रीतयेगे, तैतिलकरणे, धनु की चंद्रमा, गुरु, अन्न प्रासन, औषधि सेवन, व्यापार मुर्हूत, पूर्व दिशा की यात्रा शुभ होगी।**

**आज जन्म लिए बालक का फल....... .**

**आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, उत्तमवृत्ति वाला, योगी-भोगी, सेना नायक, कमाण्डर, बिग्रेडियर होगा।**

**मेष राशि :-** मानसिक खिन्नता, कार्य विफलत्व, असमंजस की स्थिति, बड़े लोगों से मेल-मिलाप होगा।
**वृष राशि :-** व्यवसायिक गति अनुकूलता से संतोष होगा, अर्थ-व्यवस्था अनुकूल होगी, रुके कार्य बन जायेंगे।
**मिथुन राशि :-** कार्य-कुशलता से संतोष होगा, चिन्ता कम होगी, कार्य का ध्यान अवश्य रखें।
**कर्क राशि :-** अधिकारी-वर्ग से विशेष सुख-सफलता मिलेगी, रुके कार्य मिलकर बना लेवें।
**सिंह राशि :-** अनायास परिश्रम विफल होगा, विशेष कार्य स्थिगित रखें, व्यवस्था उत्तम बनी रहेगी।
**कन्या राशि :-** कार्यों में प्रभुत्व-प्रतिष्ठा वृद्धि, दृढ़ता से कार्य निपटा लेवें, समय का ध्यान अवश्य रखें।
**तुला राशि :-** दुर्घटना का शिकार होने से बचिये, भाग्य का सितारा साथ देगा, रुके कार्य बन जायेंगे।
**वृश्चिक राशि :-** असमर्थता का वातावरण क्लेशयुक्त रहेगा तथा मानसिक बेचैनी अवश्य बढ़ेगी।
**धनु राशि :-** अधिकारी से विशेष सुख, लाभ एवं सफलता मिले, रुके कार्य बना ही सहयोग से बना लें।
**मकर राशि :-** धन का व्यय, असमर्थता का वातावरण बना ही रहेगा, कार्य-व्यवसाय का ध्यान अवश्य रखें।
**कुंभ राशि :-** स्थिति यथावत रहेगी, प्रयत्न जारी रखने से परिणाम अच्छा लाभकारी होगा, समय का ध्यान रखें।
**मीन राशि :-** मनोबल उत्साहवर्धक होगा, कार्य-कुशलता से संतोष होगा तथा रुके कार्य एक-एक करके बनेंगे।

DELHI CRIME 05 sep 2022:Layout 1 9/4/2022 8:09 PM Page 6



# द्रविड़ ने किया विराट का बचाव



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली का बचाव करते हुए कहा है कि विराट कितने रन बनाते हैं उसको लेकर वह चिन्तित नहीं हैं। अहम यह है कि उनका योगदान टीम के लिए कितना लाभदायक रहता है क्योंकि छोटी पारी भी अहम भूमिका अदा करती है। गौरतब है कि पिछले दो साल में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए कोहली अधिक रन नहीं बना पाये हैं। इस्के अलावा उनका स्ट्राइक-रेट भी कम रहा है। द्रविड़ ने कहा, कोहली भी एक ब्रेक के बाद वापस आ रहा है, यह देखकर अच्छा लगा कि वह एशिया कप में अब तक अच्छी लय में रहा है। वह सभी मैचों को खेलने को लेकर उत्साहित है। उम्मीद है कि वह जितना समय मैदान में बिताएगा। बेहतर होता जाएगा। उन्होंने प्रशंसकों से भी कहा कि किसी एक खिलाड़ी के आंकड़ों पर ज्यादा ध्यान नहीं दें। द्रविड़ ने कहा, हमारे लिए, यह इसका कोई मतलब नहीं है कि कि वह कितने रन बनाता है। विशेष रुप से विराट के साथ क्योंकि उसने इतने अधिक रन बनाये हैं कि लोग उससे हमेशा ही बड़ी पारी की उम्मीद करते हैं। विराट ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में 35 रनों की पारी खेली थी। इसके बाद उन्होंने हांगकांग के खिलाफ 44 अर्धशतक लगाया था। वहीं युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के बारे में उन्होंने कहा कि वह विकेटकीपर के लिए पहले विकल्प नहीं है। उन्होंने आगामी टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए कहा कि हम हालात, मैदान और विरोधी टीम के अनुसार खेलते हैं और उसी के अनुसार सर्वश्रेष्ठ एकादश का चयन करते है।

## बांग्लादेश के विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम ने अंतरराष्ट्रीय टी-20 से लिया संन्यास



**ढाका, (हि.स.)।** बांग्लादेश के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज मुश्फकुर रहीम ने अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। मुश्फिकुर यूएई में खेले जा रहे एशिया कप में बांग्लादेश की टीम का हिस्सा थे। वह बल्लेबाजी में कुछ खास नहीं कर पाए। एशिया कप के दो मैचों में उनके बल्ले से केवल 5 रन निकले थे। मुश्फिकुर ने रविवार को एक ट्वीट में कहा कि मैं टी-20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास की घोषणा करता हूं। मैं खेल के टेस्ट और एकदिवसीय प्रारूपों पर ध्यान केंद्रित करना चाहता हूं। मौका आने पर मैं फ्रेंचाइजी लीग खेलने के लिए उपलब्ध रहूंगा। दो प्रारूपों में अपने देश का गर्व से प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्सुक हूं। उल्लेखनीय है कि यूएई में खेले जा रहे एशिया कप में बांग्लादेश टीम बाहर हो गई है। मुश्फिकुर बांग्लादेश की टीम का हिस्सा थे। वह बल्लेबाजी में कुछ खास नहीं कर पाए। एशिया कप के दो मैचों में उनके बल्ले से केवल 5 रन निकले थे। मुश्फिकुर रहीम ने टीम के लिए 102 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। इनमें उन्होंने 19.5 की औसत से 1500 रन बनाए हैं। उनका सर्वाधिक स्कोर 72 रन है।

## गोल्फ खेलने के शौक में फिसले जॉनी बेयरस्टो का पैर हुआ चोटिल, टी-20 विश्वकप से हुए बाहर



**लंदन (ईएमएस)।** खिलाड़ियों को अपने करियर से जुड़े खेल के अलावा दूसरे खेलों का शौक होना नई बात नहीं है पर इसका खमियाजा कभी-कभी इन खिलाड़ियों को बड़ी कीमत देकर चुकाना पड़ता है। इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो गोल्फ कोर्स पर दुर्घटना का शिकार हो गए जिसके चलते वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टेस्ट और ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आगामी टी-20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं। यह खबर इंग्लैंड द्वारा विश्व कप टीम की घोषणा के कुछ घंटों बाद ही आई। बेयरस्टो के नाम तय था लेकिन अब उनके चोट लगने के चलते इंगलैंड क्रिकेट बोर्ड ने तीसरे टेस्ट के लिए बेन डकेट को टीम में शामिल कर लिया है। ईसीबी ने अपने बयान में चोट का ब्योरा नहीं दिया लेकिन इसे सनकी दुर्घटना कहा है। कहा गया कि लीड्स में गोल्फ खेलने के दौरान बेयरस्टो के निचले अंग में चोट लग गई। यह चोट कितनी गहरी है इसका पता लगाने के लिए बेयरस्टो अगले सप्ताह एक विशेषज्ञ से मिलेंगे। वहीं, ईसीबी के बयान में कहा- हम एक और घोषणा करेंगे जिसमें बताएंगे कि बेयरस्टो की जगह इंग्लैंड की टी 20 विश्व कप टीम में कौन जगह लेगा। बेयरस्टो ने इंस्टाग्राम पर अपना बयान देते हुए कहा कि उन्हें लगी चोट के लिए ऑपरेशन की आवश्यकता होगी।

बेयरस्टो ने लिखा- दुर्भाग्य से मैं तत्काल भविष्य में सभी खेलों, दौरों के लिए अनुपलब्ध होने जा रहा हूं। इसका कारण यह है कि मैंने अपने निचले पैर को एक अजीब दुर्घटना में जख्मी कर दिया है और इसे एक ऑपरेशन की आवश्यकता होगी। चोट तब आई जब आज सुबह मैं गोल्फ कोर्स में फिसल गया। मैं स्तब्ध हूं और इस सप्ताह के लिए ओवल में सभी को शुभकामनाएं देना चाहता हूं और सबसे पहले उन लड़कों को शुभकामनाएं जो टी 20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया जा रहे हैं। मैं बिल्कुल निराश हूं! मैं वापस आऊंगा। यह चोट इंग्लैंड के लिए एक बड़ा झटका है क्योंकि बेयरस्टो साल भर शानदार फॉर्म में थे। उन्होंने 2022 में टेस्ट क्रिकेट में छह शतक और 1000 से अधिक रन बनाए थे और इंग्लैंड के लिए चार्ट का नेतृत्व करते हुए इस साल अब तक के सभी प्रारूपों में तीसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी भी थे।

## बेंगलुरु प्रो लीग से पहले अपनी गलतियों पर देंगे ध्यान और करेंगे मेहनत : डिफेंडर सुरेंदर कुमार



**बेंगलुरु (ईएमएस)।** राष्ट्रमंडल खेल में आस्ट्रेलिया के हाथों फाइनल मुकाबले में पराजय के बाद हाथ आये मौके गंवाने पर भारतीय हॉकी टीम के डिफेंडर सुरेंदर कुमार ने अफसोस जताते हुए कहा कि टीम आगामी एफआईएच प्रो लीग से पहले अपनी समस्याओं पर काम करेगी। भारत को बर्मिंघम खेलों के फाइनल में आस्ट्रेलिया ने 7-0 से हराया था। अब भारतीय टीम अगले महीने भुवनेश्वर में होने वाली प्रो लीग की तैयारी कर रही है। सुरेंदर ने कहा- हमने बर्मिंघम खेलों में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन फाइनल में हाथ आये मौके नहीं गंवाते तो वापसी कर सकते थे। उन्होंने कहा- हमने आस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में गलतियां की और रणनीति पर अमल नहीं कर सके। अब इस शिविर में हम उन गलतियों को सुधारने पर फोकस करेंगे ताकि वही गलतियां बार-बार नहीं दोहराएं। भारत का सामना 28 अक्टूबर से 6 नवंबर के बीच होने वाली प्रो लीग में न्यूजीलैंड और स्पेन से होगा। उन्होंने कहा-एफआईएच प्रो लीग 2022-23 से पहले टीम को इन समस्याओं पर काम करना होगा। हमें न्यूजीलैंड और स्पेन के खिलाफ मैचों पर फोकस करना होगा। अपनी गलतियों से सबक लेकर उन पर मेहनत करनी होगी। हम अपने मैचों के वीडियो देखेंगे और कोचों के साथ मिलकर इस पर काम करेंगे।

## युवा क्रिकेटर सचिन या विराट को नहीं करते फॉलो वे सिर्फ महेंद्र सिंह धोनी के फैन : राशिद लतीफ



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** टीम इंडिया ने बीते वर्षों में अनेक ऐसे बड़े खिलाड़ी पैदा किए हैं जो युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत रहे। हम कपिल देव की बात कर सकते हैं। सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर वीरेंद्र सहवाग की बात कर सकते हैं जोकि कई युवा प्लेयर के आइडियल हैं। लेकिन पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ को लगता है कि अब युवा क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर या विराट कोहली को फॉलो नहीं करते। वह सिर्फ महेंद्र सिंह धोनी के फैन हैं। राशिद ने इस दौरान टीम इंडिया के खिलाड़ी हार्दिक पांड्या, ऋषभ पंत और सूर्यकुमार यादव का नाम लिया जोकि पहले ही महेंद्र सिंह धोनी को अपना आइडल बता चुके हैं। राशिद लतीफ ने यूट्यूब चैनल पर कहा कि अब समय तेजी से बदल गया है। एक समय था जब खिलाड़ी तेंदुलकर, सहवाग और विराट कोहली को फॉलो करते थे। वे चाहते थे कि वह इन जैसे प्लेयर्स के बनाए गए बड़े रिकॉर्ड तोड़ दें। लेकिन अगर आप मौजूदा भारतीय टीम देखेंगे 3-4 प्लेयर ऐसे हैं जो कि इन दिग्गजों को फॉलो नहीं करते। हार्दिक पांड्या, ऋषभ पंत, सूर्यकुमार यादव और यहां तक कि दीपक हुड्डा जैसे प्लेयर भी महेंद्र सिंह धोनी को अपना आदर्श मानते हैं। लतीफ ने कहा कि अब युवा चाहते हैं कि वे धोनी की तरह मैदान पर तेजी से फैसले लें और परिस्थितियों के अनुसार अपना प्रदर्शन करें ताकि टीम की जीत में सहयोग दे सकें। लतीफ ने इस दौरान भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह ऐसा प्लेयर है जो किसी भी नंबर पर आसानी से खेल सकता है। इसे लगातार मौके दिए जाने की जरूरत है। टीम इंडिया के लिए आगामी टी-20 विश्व कप में वह बड़ी भूमिका निभा सकता है।

## क्रिकेट के साथ ही दूसरे काम भी करते हैं ये क्रिकेटर



हांगकांग क्रिकेट टीम के कोच ट्रेंट जॉनसन ने अपनी टीम के खिलाड़ियों के जोश और जज्बे की जमकर तारीफ की हैं। कोच ने कहा कि टीम ने जिस प्रकार का प्रदर्शन किया है वह तारीफ के काबिल है। टीम पिछले तीन माह से लगातार खेल रही है। ऐसे में खिलाड़ियों के पास इतना भी समय नहीं है कि वे अपने बच्चों से भी मिल सकें। हांगकांग की टीम ने पिछले तीन महीनों में एशिया कप की तैयारियों के लिए काफी कुछ त्याग किये हैं। कोच ने कहा, हमारे दल में शामिल ज्यादातर खिलाड़ियों को क्रिकेट हांगकांग से जो पैसा मिलता है वह पर्याप्त नहीं है। इसलिए खिलाड़ियों को दूसरे काम भी करने पड़ते हैं। ऐसे में खिलाड़ियों के पास क्रिकेट के अभ्यास के लिए कम समय ही होता है। उसी समय में अभ्यास के बल पर विश्व की शीर्ष टीमों से खेलना बड़ी बात है। जॉनसन ने कहा, कोरोना के कारण पिछले एक साल तक खिलाड़ी अभ्यास नहीं कर पाए। वो अपने घरों, कार पार्किंग और पार्क में वीडियो कॉल पर स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग सत्र में भाग लेते थे।

उन्होंने किसी शिकायत के बिना यहां तक का सफर तय किया है। जॉनसन ने आगे कहा, हमारे तीन या चार खिलाड़ी क्रिकेट की कोचिंग देते हैं। वो क्लब से भी जुड़े हुए हैं। टीम के ज्यादातर खिलाड़ी फूड डिलीवरी बॉय का काम करते हैं। टीम के उप-कप्तान किंचित शाह का हीरे का कारोबार है। वहीं स्कॉट मैक्नी का अपना व्यवसाय है। इसके अलावा युवा तेज गेंदबाज आयुष शुक्ला यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे हैं। वहीं कुछ खिलाड़ी दूसरी नौकरियां कर रहे हैं। ये सभी बीते 3 महीने से अपने परिवार से दूर हैं। इसके बाद भी किसी ने भी घर जाने की बात नहीं की है।

## जिम्बाब्वे ने पहली बार ऑस्ट्रेलिया धरती पर जीता मैच

**-रेयान ने लिए पांच विकेट**

**सिडनी (ईएमएस)।** रेयान बर्ल की घातक गेंदबाजी से जिम्बाब्वे ने मेजबान ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम को पहली बार उसी की धरती पर हराया है। यहां सीरीज के दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में जिम्बाब्वे ने जीत के साथ ही यह अहम उपलब्धि हासिल की है। इस मैच में जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर रेयान ने अपने तीन ओवर में 5 विकेट लिए। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने इस जीत की खुशी अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर साझा की है। इस वीडियो में जिम्बाब्वे के खिलाड़ी टीम बस में नाचते, गाते हुए नजर आये। इस दौरान बल्लेबाज सिकंदर रजा को बस में टीम के साथियों सहित गाना गाते और जबरदस्त डांस करते हुए देखा गया। इस गाने को जिब्बाब्वे क्रिकेट टीम के आधिकारिक प्रशंसक ग्रुप ने बनाया है। इस मैच में जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर मेजबान टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। मेजबान कंगारु बल्लेबाज जिम्बाब्वे के गेंदबाजों का सामना नहीं कर पाये और केवल 141 रन ही बना पाये। मेजबान टीम की ओर से सबसे ज्यादा 94 रन सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने बनाए।

इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे के कप्तान रेगिस चकाब्सा ने नाबाद 37 रन बनाकर अपनी टीम को अच्छी शुरूआत दी। हार से निराश ऑस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच ने माना है कि मेहमान टीम जिम्बाब्वे ने अच्छा प्रदर्शन किया है। साथ ही कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाली किसी भी टीम को कम नहीं आंका जा सकता है।

## ब्रायन लारा को सनराइजर्स हैदराबाद का नए हेड कोच नियुक्त




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज ब्रायन लारा को सनराइजर्स हैदराबाद का नया हेड कोच बनाया गया है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर टॉम मूडी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद के हेड कोच के रूप में वापसी नहीं करने वाले हैं। रिपोर्ट के अनुसार मूडी और सनराइजर्स ने आपसी सहमति से एक दूसरे से अलग होने का निर्णय किया है। इसके बाद पिछले सीजन में टीम के रणनीतिक सलाहकार और बल्लेबाजी कोच के रूप में काम कर रहे लारा को हेड कोच बनाया गया। मूडी का सनराइजर्स के साथ 2013 से 2019 तक सफल कार्यकाल रहा। इस दौरान टीम 5 बार प्लेऑफ में पहुंची और 2016 में चैंपियन बनी। उनकी जगह 2020 में ऑस्ट्रेलिया के ही ट्रेवर बेलिस को मुख्य कोच बनाया गया लेकिन मूडी ने पिछले साल निदेशक के रूप में सनराइजर्स में वापसी की थी। बाद में उन्हें मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। मूडी का मुख्य कोच के रूप में दूसरा कार्यकाल सफल नहीं रहा और उनकी टीम 10 टीमों के बीच आठवें स्थान पर रही थी। सनराइजर्स हैदराबाद ने मूडी के साथ अपने करार के खत्म होने की घोषणा ट्विटर पर की। हैदराबाद ने मूडी को विदाई देकर लिखा, जैसा कि हमारे साथ उनका कार्यकाल समाप्त हो रहा है, हम टॉम को सनराइजर्स हैदराबाद में उनके योगदान के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं।

यह सालों तक शानदार सफर रहा। हम भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। इसके बाद सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने ट्विटर हैंडल पर घोषणा की, महान क्रिकेट खिलाड़ी ब्रायन लारा आगामी आईपीएल सत्र के लिए हमारे मुख्य कोच बनाए गए है। यह 53 वर्षीय लारा का किसी टी20 टीम के हेड कोच के रूप में पहला कार्यकाल होगा। वेस्टइंडीज का यह पूर्व कप्तान पिछले साल दिसंबर में रणनीतिक सलाहकार और बल्लेबाजी कोच के रूप में सनराइजर्स से जुड़े थे। वहीं, टॉम मूडी अब डेजर्ट वाइपर्स में क्रिकेट निदेशक का पद संभालने वाले हैं, जो कि आईएलटी20 की फ्रेंचाइजी है। ब्रायन लारा 1990 के दशक में दुनिया के दिग्गज बल्लेबाज रहे हैं। उन्होंने कैरेबियन टीम के लिए 133 टेस्ट और 299 वनडे मुकाबले खेले हैं। टेस्ट में उन्होंने 34 शतक और 48 अर्धशतक के साथ 11953 रन बनाए। उन्होंने दो तिहरा शतक जड़ा है। इंग्लैंड के खिलाफ 1994 में उन्होंने 375 और 2004 में 400 रनों की नाबाद पारी खेली थी। इसके अलावा वनडे में भी उन्होंने 19 शतकों की बदौलत 10405 रन बनाए। उनके नाम इंटरनेशनल क्रिकेट में 53 शतक और 22358 रन दर्ज है। फर्स्ट क्लास में भी सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड लारा के ही नाम है। लारा 501 रनों की पारी खेल चुके हैं।



दक्षिण कोरिया में मैत्री फुटबॉल मैच में खेलती हुई दक्षिण कोरियाई और जमैकाई खिलाड़ी।
(फोटो-ईएमएस)

## विश्व कप के लिए अभ्यास में लगे हैं फॉरवर्ड अभिषेक

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के फॉरवर्ड अभिषेक ने कहा कि अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए हमें अपना सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करना होगा। अभिषेक ने कहा कि सभी खिलाड़ी अभ्यास के साथ ही आगामी टूर्नामेंटों में बेहतर प्रदर्शन कर विश्व कप की तैयारी करेंगे। इस युवा खिलाड़ी ने कहा कि हम सभी अपनी कमियों को दूर करते हुए सुधार करना चाहते हैं। जिससे अगले साल होने वाले विश्व कप में पूरी ताकत से उतर सकें। राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय टीम को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। अभिषेक ने इस टूर्नामेंट में सही मैचों में खेला था। अभिषेक ने कहा, इतने बड़े मंच पर अच्छा प्रदर्शन करना मेरे लिए यादगार अनुभव रहा। इस टूर्नामेंट के दौरान मुझे अपने खेल के बारे में काफी कुछ सीखने को मिला और पता चला कि किन क्षेत्रों में मुझे और सुधार करने की जरूरत है।


## सुदेश महतो और कोनगाड़ी ब्लैक बेल्ट से नवाजे गए



**रांची, (हि.स.)।** इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के तत्वावधान में बहु बाजार स्थित इमा कराटे स्टूडियो में ब्लैक बेल्ट सेरेमनी का आज आयोजन हुआ। इसमें संत जोसेफ क्लब की एनी कोनगाड़ी एवं इमा कराटे स्टूडियो के सुदेश कुमार महतो को इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के तकनीकी निदेशक रेंसी सुनील किस्पोट्टा ने ब्लैक बेल्ट पहना कर सम्मानित किया। साथ ही दोनों खिलाड़ियों को ब्लैक बेल्ट प्रथम डॉन की उपाधि से नवाजा गया। इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के तकनीकी निदेशक किस्पोट्टा ने कहा कि ब्लैक बेल्ट पाने का सपना हर एक कराटे खिलाड़ी को होता है। तीन साल की कड़ी मेहनत के बाद उन्हें यह सफलता प्राप्त होती है। सफलता पाने के लिए लक्ष्य का निर्धारण करना जरूरी है और लगातार परिश्रम करते रहना चाहिए। तभी सफलता मिल सकती है। इमा के अध्यक्ष संसाइ अनिल किस्पोट्टा ने कहा कि आज के युवाओं में बेरोजगारी काफी बढ़ी है। ऐसी स्थिति में कराटे एक ऐसा खेल है जो रोजगार का अवसर प्रदान करता है। सभी कराटे खिलाड़ी जो कि ब्लैक बेल्ट हो चुके हैं, वे किसी भी स्कूलों में जाकर प्रशिक्षण दे सकते हैं।

# पूर्वी एशियाई देशों के साथ सामरिक साझेदारी बढ़ाने रक्षा मंत्री जाएंगे मंगोलिया

**- भारतीय रक्षा मंत्री की रणनीतिक पूर्वी एशियाई देश की अब तक की पहली यात्रा**
**- दोनों रक्षा मंत्री भारत-मंगोलिया के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग की समीक्षा करेंगे**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** पूर्वी एशियाई देशों के साथ सामरिक साझेदारी को बढ़ावा देने के मकसद से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार से 07 सितंबर तक मंगोलिया की आधिकारिक यात्रा करेंगे। मंगोलिया की यह यात्रा किसी भी भारतीय रक्षा मंत्री की पहली है जो दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और सामरिक साझेदारी को मजबूत बनाएगी। यात्रा के दौरान राजनाथ सिंह मंगोलिया के रक्षा मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल सैखानबयार के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। वह मंगोलिया के राष्ट्रपति महामहिम यू खुरेलसुख और मंगोलिया के स्टेट ग्रेट खुराल के अध्यक्ष जी जंदनशतर से मुलाकात करेंगे। दोनों देशों के पूरे क्षेत्र में शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने के समान हित हैं। भारत और मंगोलिया एक सामरिक साझेदारी साझा करते हैं जिसमें रक्षा प्रमुख स्तंभ है। मंगोलिया के साथ द्विपक्षीय रक्षा संबंध, दोनों देशों के बीच व्यापक संपर्क से लेकर संयुक्त कार्य समूह की बैठक, सैन्य का आदान-प्रदान, उच्चस्तरीय यात्राएं, क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रम और द्विपक्षीय अभ्यास शामिल करने के साथ पिछले कुछ समय से विस्तार हो रहा है। द्विपक्षीय वार्ता के दौरान दोनों रक्षा मंत्री भारत और मंगोलिया के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग की समीक्षा करेंगे और द्विपक्षीय संबंधों को और सुदृढ़ बनाने के लिए नई पहलों की खोज करेंगे। दोनों नेता साझा हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। भारत ने दिसंबर 1955 में राजनयिक संबंध स्थापित किए थे। भारत मंगोलिया के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने वाला सोवियत गुट के बाहर का पहला देश था। तब से दोनों देशों के बीच 1973, 1994, 2001 और 2004 में आपसी मित्रता और सहयोग की संधियां हुई हैं। भारत ने 1961 में ताइवान और चीन के विरोध के बावजूद संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता के लिए मंगोलिया की उम्मीदवारी को प्रायोजित किया। बदले में 1973 में मंगोलिया ने बांग्लादेश को स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दी। फरवरी, 1973 में तत्कालीन मंगोलियाई प्रधानमंत्री युमजागिन टेडेनबल की भारत यात्रा के दौरान संयुक्त घोषणा पर हस्ताक्षर किए गए थे।

## तृणमूल कांग्रेस की अपनी कोई संस्कृति नहीं है : दिलीप घोष



**कोलकाता, (हि.स.)।** तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी के भाजपा की बस्ती की संस्कृति वाले बयान को लेकर रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस की अपनी कोई संस्कृति नहीं है। आज सुबह न्यू टाउन में प्रातः भ्रमण के लिए निकले दिलीप घोष ने कहा कि शिशिर अधिकारी पश्चिम बंगाल के सबसे वरिष्ठ राजनीतिज्ञों में से एक हैं, जो कांग्रेस छोड़कर तृणमूल में शामिल हुए। उनके बारे में तृणमूल कांग्रेस के लोग किस तरह के अपशब्दों का प्रयोग करते हैं। यह हम सबने देखा है। इस प्रकार के शब्दों का प्रयोग करते हैं क्योंकि तृणमूल वाले बस्ती पार्टी और बस्ती संस्कृति को लेकर चलते हैं। ये लोग कुएं के मेंढक हैं, इनका कहीं भी कुछ नहीं हो सकता है। इस पर तृणमूल सांसद सौगत रॉय ने कहा कि दिलीप घोष इंसान नहीं हैं। वह मानवता के बिना एक प्राणी हैं। हम आरएसएस के पद चिन्हों पर चलने वाले दिलीप घोष की किसी भी टिप्पणी का जवाब नहीं देंगे। दरअसल शुक्रवार को अभिषेक बनर्जी से ईडी अधिकारियों ने छह घंटे से अधिक पूछताछ की थी। यहां बाहर निकलने के बाद उन्होंने मीडिया से बात की। अभिषेक ने दावा किया था कि गौ तस्करी का सारा पैसा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पास जाता है। बनर्जी ने कहा था कि भाजपा के लोग और उनकी संस्कृति बस्ती की है।

## गोवा पुलिस की जांच पर फोगाट फैमिली ने उठाया सवाल

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** बीजेपी लीडर सोनाली फोगाट के घर वालों ने उनकी मौत की जांच को लेकर असंतोष जाहिर किया है। फोगाट फैमिली का कहना है कि वे गोवा पुलिस की जांच से संतुष्ट नहीं हैं। इस केस की जांच सीबीआई से होनी चाहिए। इसके लिए वे गोवा हाई कोर्ट से संपर्क करेंगे। फोगाट के परिवार वालों की यह मांग ऐसे वक्त सामने आई है जब गोवा पुलिस हिसार में बीते चार दिनों में जांच-पड़ताल में लगी हुई है। पुलिस ने कई अहम सबूत जुटाने का दावा किया है। सोनाली फोगाट के भतीजे विकास सिंह ने कहा कि उन्होंने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया यूयू ललित को सीबीआई जांच की मांग को लेकर पत्र लिखा है। इसके साथ ही वे लोग गोवा हाई कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाएंगे, अगर वे टॉप कोर्ट के आदेश से संतुष्ट नहीं होते हैं। उन्होंने कहा, 'गोवा पुलिस हमारा सहयोग नहीं कर रही है। मुझे लगता है कि इसके पीछे राजनीतिक दबाव काम कर रहा है। इसलिए अब हम गोवा हाई कोर्ट का रुख करेंगे। सिंह ने कहा कि पुलिस जांच पर उनका कोई भरोसा नहीं है। हाई कोर्ट से सीबीआई जांच के लिए ग्रीन सिग्नल मिलने के बाद ही सब कुछ साफ हो पाएगा। उन्होंने कहा, 'सोनाली फोगाट को साजिश के तहत और हत्या करने के मकसद से गोवा ले जाया गया था। बर्बर तरीके से उनकी हत्या हुई है। उन्हें जबरन ड्रग्स दिए गए। सीसीटीवी फुटेज में आप यह साफ तौर से देख सकते हैं।' हाल ही में बीजेपी नेता कुलवंत राय ने भी इस मामले की जांच सीबीआई से कराए जाने की मांग की थी।

राय ने कहा कि देश व राज्य स्तर पर कार्यरत सभी जांच एजेंसियां बड़े अच्छे ढंग से जांच करती हैं, लेकिन व्यवस्था में जनचर्चाओं का सम्मान करते हुए इन मामलों में सीबीआई से जांच जरूरी है। उन्होंने कहा कि राजनीति सहित विभिन्न क्षेत्रों में व्याप्त माफिया जड़ता की वजह से उभरते हुए व्यक्तित्व के लिए परस्थितियां बड़ी ही विकट होती हैं। जिस कारण व्यक्तित्व से संबंधित हालात इस तरह से निर्मित कर दिया जाता है, जिस कारण उसे निजी जिदंगी तक से हाथ धोना पड़ जाता है।

## नेपाल में 22 यात्रियों को लेकर उड़ान भर रहे विमान की सात मिनट बाद इमरजेंसी लैंडिंग



**काठमांडू, (हि.स.)।** नेपाल में 22 यात्रियों को लेकर उड़ान भरने के सात मिनट बाद विमान की इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई है। इस विमान ने पोखरा हवाई अड्डे से मस्टैंग के लिए उड़ान भरी थी लेकिन पायलट को थोड़ी देर बाद ही कुछ खराबी महसूस हुई जिसके चलते आनन-फानन में इसकी आपात लैंडिंग की गई। फिलहाल घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। पोखरा एयरपोर्ट के सूचना अधिकारी देवराज चालीसे ने बताया कि निजी कंपनी सुमित एयर के विमान ने रविवार को सुबह पोखरा से 22 यात्रियों को लेकर मस्टैंग के जिला मुख्यालय जोमसोम के रास्ते में उड़ान भरी थी। पायलट को थोड़ी देर बाद ही कुछ खराबी महसूस हुई और उसने कुछ तकनीकी खामियों की सूचना दी इसलिए उड़ान भरने के सात मिनट के अंदर विमान की आपात लैंडिंग कराई गई। इस घटनाक्रम में सभी यात्री व चालक दल सुरक्षित बताए जा रहे हैं। चालिसे ने बताया कि इंजन में तकनीकी समस्या के कारण विमान सात मिनट के भीतर पोखरा हवाई अड्डे पर सुबह सुबह 8:06 बजे वापस आ गया। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है। विमान में 18 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएएएन) की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि दुर्घटना खराब मौसम की वजह से हुई होगी। इससे पहले मई के महीने में खराब मौसम की वजह से नेपाल के पहाड़ी मस्तंग जिले में तारा एयर विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस घटना में 22 लोगों की मौत हो गई थी। उस समय भी अधिकारियों ने बताया था कि खराब मौसम की वजह से विमान बाएं के बजाए दाएं मुड़ गया था। इससे विमान पहाड़ों से टकरा गया और दुर्घटनाग्रस्त हुआ था।

## अगली सुनवाई में पेश नहीं हुए कांग्रेस के तीन विधायक तो जाएगी सदस्यता

**कोलकाता (ईएमएस)।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने कैश कांड में गिरफ्तार कांग्रेस से निलंबित तीनों विधायकों की संसाधन के अभाव के कारण सुनवाई में अनुपस्थित रहने की दलील को खारिज कर दिया है। स्पीकर ने एक बार फिर जमानत मिलने पर कोलकाता में मौजूद तीनों विधायकों को विशेष दूत से नोटिस थमाते हुए सात सितंबर को निर्धारित की गई सुनवाई में डिजिटल माध्यम से मौजूद रहने को कहा है। इन विधायकों की असुविधा को ध्यान में रखते हुये विधानसभा की ओर से तकनीकी मदद के लिये संसाधनों से लैस प्रतिनिधि मुहैया कराने का विकल्प भी दिया गया है। सरकार गिराने की साजिश के आरोप में 49 लाख रुपये कैश के साथ 30 जुलाई को कोलकाता से गिरफ्तारी के बाद निलंबित कांग्रेस के तीनों विधायकों डॉ. इरफान अंसारी, नमन विक्सल, राजेश कच्छप को सशर्त जमानत मिली है। वे कोलकाता में ही रह रहे हैं। इस आरोप की शिकायत के आधार पर इनकी सदस्यता रद्द किये जाने के केस में स्पीकर न्यायाधिकरण में एक सितंबर को पहली सुनवाई के दौरान तीनों विधायक अनुपस्थित रहे और इसका कारण संसाधनों का अभाव बताया।

# मध्यप्रदेश में नहीं चलेगा अंडे का फंडा: नरोत्तम मिश्रा

**गृह मंत्री बोले - मप्र में बालगृहों और संप्रेक्षण गृहों में नहीं परोसा जाएगा अंडा व मांसाहार**



**भोपाल, (हि.स.)।** मध्य प्रदेश में बच्चों की सेहत को ध्यान में रखते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग ने गत दिवस एक आदेश जारी कर बालगृहों और बाल संप्रेक्षण गृहों में किशोरों को अंडा व मांसाहार परोसने की बात कही गई थी। इसे प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा है कि मध्य प्रदेश में अंडे का फंडा नहीं चलेगा। बालगृहों और संप्रेक्षण गृहों में किशोरों को अंडा नहीं परोसा जाएगा। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा रविवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे। पत्रकारों के सवाल के जवाब में डॉ मिश्र ने राज्य के 150 से ज्यादा बाल गृहों, बाल आश्रय गृहों और बाल संप्रेक्षण गृहों में रहने वाले किशोरवय बच्चों को चिकन और अंडा नहीं परोसा जाएगा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में नहीं चलेगा अंडे का फंडा! यहां इसे किसी भी हालत में चलने भी नहीं देंगे। यह जो विषय आया है, मेरे ख्याल से भ्रम की स्थिति है। इस तरह का कोई भी प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन नहीं है और लागू भी नहीं किया जाएगा। पत्रकारों से वार्ता के दौरान गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने कांग्रेस और कमलनाथ पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कमलनाथ हवा-हवाई नेता है। कोई बताए कि क्या उन्होंने बीते एक साल में सड़क मार्ग से एक भी दौरा किया है। कांग्रेस पार्टी में निष्क्रिय लोगों की छंटनी में सबसे पहले खुद कमलनाथ का ही नाम आ जाएगा। पंद्रह महीने की अपनी सरकार में उन्होंने बेरोजगारों को नौकरी नहीं दी। आज शिवराज सरकार नौकरी दे रही है तो कमलनाथ जी को पीड़ा हो रही है। भाजपा सरकार में हर महीने रोजगार मेले आयोजित कर युवाओं को रोजगार दिए जा रहे हैं। उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा और दिल्ली में प्रदर्शन को लेकर भी कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा से पहले ही कांग्रेस टुकड़े-टुकड़े हो रही है। दिल्ली की जगह कांग्रेस को झारखंड में प्रदर्शन करना चाहिए। कांग्रेस पार्टी को बचाने की यह आखिरी कोशिश भी बेकार जाएगी। उन्होंने मीडिया को प्रदेश में कोरोना की स्थिति से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 46 नए केस आए हैं, वहीं 79 मरीज ठीक हुए हैं। वर्तमान में प्रदेश में कुल एक्टिव केस 289, संक्रमण दर 0.70 फीसदी और रिकवरी रेट 98.70 फीसद है।

**हमारे सहयोगी संरक्षक एवम् ब्यूरो प्रमुख**

**प्रधान सम्पादक – नरेन्द्र कुमार**

**सहयोगी संरक्षक**

**अनिल सेठी**

**नरेश ए बाबू-कार्यकारी निदेशक**

**संपादन सहयोगी - मोहित शुक्ला**

**सदस्य एवं रिपोर्टर**

•राजकुमार कश्यप (दिल्ली) •दीपक कुमार (पटियाला)
• वीरेन्द्र कुमार ठाकुर •वीरेंद्र सिंह बघेल (फरीदाबाद)
• अनीता सिंह •राम नाथ •मुकेश गुप्ता, मीनाक्षी निगम
•मोहम्मद शमशेर (दिल्ली) • मुकेश जोशी (उत्तराखण्ड)
• अशोक कुमार, काजल शर्मा (गुरूग्राम)
• अवध किशोर त्रिपाठी (अहमदाबाद)
•श्याम लाल (मेरठ) •रामनरेश सिंह (पडरौना, उत्तरप्रदेश)
•नवीन सुरेल, तालबहेट, ललितपुर, (झाँसी)
• ओम शुक्ला, मनीष शुक्ला, शिवम शुक्ला (कानपुर)
• ओमपाल वर्मा, इन्द्रमणी मंडल (रायपुर छत्तीसगढ़)
• फ्रूमू लामों सिलीगुड़ी, रोशन कुमार मिश्रा (पश्चिम बंगाल)
▪ पिंटू बनर्जी (पश्चिम बंगाल )

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक हैं।**

समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री, लेख, रचनाओं, एवम् विज्ञापनों में लेखकों और विज्ञापन दाताओं के अपने विचार हैं। इसके लिए दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही मान्य होगा।

**विशेष :- किसी भी परिस्थिति में निर्णय लेने का अधिकार केवल संपादक को है।**

**S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092**

संपर्क - 011-35631400
Customer Care No.
**8375000672**

**ADVERTISMENT RATE TARIFF PLAN**

FULL PAGE | HALF PAGE | QUARTER PAGE

| | |
|---|---|
| FULL FRONT PAGE | ₹1,20,000/- |
| FULL INNER PAGE | ₹60,000/- |
| FULL BACK PAGE | ₹90,000/- |
| HALF FRONT PAGE | ₹66,000/- |
| HALF PAGE INNER | ₹36,000/- |
| HALF PAGE BACK | ₹51,000/- |
| QTR. PAGE FRONT | ₹36,000/- |
| QTR. PAGE INNER | ₹21,000/- |
| QTR. PAGE BACK | ₹30,000/- |

Classifieds Ads. Per Column / 3 CM. Rs.2100/-
Visiting Card Size Advertisements:
Front Page Rs. 6000/- Back Page Rs. 4500/-
Inner Page Rs.3000/-

# ऋतिक और सैफअली स्टारर विक्रम वेधा को लेकर फैन्स उत्साहित

**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड के ग्रीक गॉड ऋतिक रोशन और सैफ अली खान स्टारर विक्रम वेधा की झलक के बाद फैन्स फिल्म के लेकर काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म की दिलचस्प कहानी ने जहां फैन्स को फिल्म का इंतजार करने पर मजबूर कर दिया है, वहीं फिल्म में सैफ के कॉप अवतार के साथ अपने फेवरेट सुपरस्टार ऋतिक रोशन की दमदार स्क्रीन प्रेजेन्स देखने के लिए फैन्स बेहद उत्साहित हैं। हाल में रिलीज हुए विक्रम वेधा के टीजर को हर तरफ से दर्शकों द्वारा धमाकेदार रिस्पॉन्स मिला है। ऐसे में मूवी लवर्स अब बस विक्रम वेधा के रूप में सैफ और ऋतिक द्वारा रीडिफाइन्ड विक्रमादित्य और बेताल की कहानियों के मॉडर्न डे एडैप्शन को थिएटर्स में देखने के लिए उत्साहित हैं। ऐसे में इस फिल्म में अपने निर्देशन के बार में बात करते हुए पुष्कर और गायत्री ने शेयर करते हुए कहा है, "विक्रम वेधा की कहानी का ओरिजन 'विक्रम बेताल' के प्रसिद्ध लोककथाओं से प्रेरित है। बच्चों के रूप में, हम दोनों विक्रम और बेताल की क-



हानियों को सुनते हुए बड़े हुए हैं, और हर बार यह हमें उनकी कहानियों के कई पहलुओं पर विचार करने पर मजबूर कर देता था। फिल्म का ट्रीटमेंट इन लेजेंड्स को ध्यान में रखते हुए किया गया है, जहां हर बार दो किरदारों का आमना-सामना होता है, वे एक अजीब स्थिति के चौराहे पर खड़े होते हैं। हम विक्रम बेताल द्वारा साझा किए गए डायनेमिक से काफी फेसिनेटेड थे और इसलिए जब हमने अपनी फिल्म की कहानी लिखना शुरू किया, तो हमने उन पुरानी यादों को विक्रम और वेधा के किरादरों में डाल दिया।" उन्होंने आगे कहा, "फिल्म में, विक्रम और वेधा अपने खुद के प्राणी हैं, और इस आधार पर फिल्म का बैकड्राप एक्शन थ्रिलर रखा गया है।" आपको बता दें, विक्रम वेधा पुष्कर-गायत्री द्वारा लिखित और निर्देशित एक एक्शन-थ्रिलर है। विक्रम वेधा की कहानी ट्विस्ट और टर्न से भरी है, क्योंकि एक सख्त पुलिस वाला विक्रम (सैफ अली खान) एक खतरनाक गैंगस्टर वेधा (ऋतिक रोशन) को ट्रैक करने और उसका पीछा करने के लिए निकलता है। जो एक तरह से एक बिल्ली और चूहे को पड़कने जैसा लगता है, जहां वेधा - एक मास्टर स्टोरीटेलर विक्रम को कहानियों की एक सीरीज के माध्यम से परतों को वापस हटाने में मदद करता है जो सोची-समझी नैतिक अस्पष्टता की ओर ले जाता है। विक्रम वेधा को गुलशन कुमार, टी-सीरीज और रिलायंस एंटरटेनमेंट ने फ्राइडे फिल्मवर्क्स एंड जियो स्टूडियोज और YNOT स्टूडियोज प्रोडक्शन के सहयोग से प्रस्तुत किया है। यह फिल्म पुष्कर और गायत्री द्वारा निर्देशित और भूषण कुमार और एस शशिकांत और द्वारा निर्मित हैं, जो 30 सितंबर 2022 को विश्व स्तर पर बड़े पर्दे पर रिलीज होगी।

# फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' अगले हफ्ते रिलीज के लिए तैयार

## - 'ब्रह्मास्त्र' का पूरा बजट सुन उड़ जाएंगे होश

**मुंबई(ईएमएस)।** बालीवुड फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' अगले हफ्ते सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। इसमें आलिया भट्ट और रणबीर कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म का ट्रेलर देखने के बाद ही अंदाजा हो गया है कि इसमें गजब के वीएफएक्स देखने को मिलने वाले हैं। पिछले 8 सालों से अयान मुखर्जी इस फिल्म पर काम कर रहे हैं ऐसे में 'शिवा' को देखने के लिए लोगों की बेचैनी और बढ़ गई है। 'ब्रह्मास्त्र' में शाह रुख खान, अमिताभ बच्चन नागार्जुन आलिया भट्ट और रणबीर कपूर जैसे बड़े नाम शामिल हैं। 'ब्रह्मास्त्र' एक बड़े बजट की फिल्म है, इतने बड़े बजट की कि इतने में तो 4 बॉलीवुड की फिल्में आराम से बन सकती है। अब एक्टर्स इतने बड़े-बड़े होंगे तो इनकी फीस भी तो बंपर होगी। 'ब्रह्मास्त्र' के बजट को इन सुपरस्टार्स की फीस ने और बढ़ा दिया है। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार, ब्रह्मास्त्र का आधिकारिक बजट, प्रिंट और प्रचार खर्च को छोड़कर 410 करोड़ का है। 'ब्रह्मास्त्र' बॉलीवुड की अब तक की सबसे



महंगी फिल्म मानी जा रही है और इसके वीएफएक्स देखकर फिल्म के हर फ्रेम पर होने वाला खर्च स्क्रीन पर दिखाई देगा। खबर है कि फिल्म मेकर बिग स्क्रीन ड्रामा चाहते थे।फीस की बात करें तो पहली बार पति रणबीर कपूर के साथ स्क्रीन शेयर कर रही आलिया भट्ट ने इस फिल्म के लिए 10 से 11 करोड़ चार्ज किए हैं (डीएनके के रिपोर्ट्स के मुताबिक)। अमिताभ ने इस फिल्म में अपने रोल के लिए 10 करोड़ रुपये लिए हैं तो वहीं, नागार्जुन ने 11 करोड़ रुपये बतौर मेहनाताना चार्ज किया है। फिल्म में मौनी रॉय निगेटिव रोल प्ले कर रही हैं और इसके लिए उन्होंने 3 करोड़ रुपये फीस वसूली है। रणबीर कपूर ने ब्रह्मास्त्र के लिए सबसे ज्यादा पैसे चार्ज किए हैं। उन्होंने 25 से 30 करोड़ के बीच फीस ली है।

# कपिल शर्मा की रश्मिका मंदाना संग जमेगी जोड़ी?

## -इस बार शो में नजर आएंगे कुछ नए कैरेक्टर्स भी

**मुंबई (ईएमएस)।** अपने सुपरहिट कॉमेडी शो द कपिल शर्मा शो की वापसी को लेकर कपिल शर्मा आजकल सुर्खियों में हैं। अब कपिल शर्मा ने अपनी अपकमिंग फिल्म का पोस्टर जारी कर फैंस के बीच खलबली मचा दी है। जी हां, कॉमेडी किंग जल्दी ही एक फिल्म में नजर आएंगे, जिसका टाइटल मेगा ब्लॉकबस्टर है। कपिल शर्मा ने सोशल मीडिया पर फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए फिल्म के ट्रेलर रिलीज की डेट भी बताई है। मेगा ब्लॉकबस्टर का ट्रेलर रिलीज होने वाला है, ऐसे में कपिल शर्मा के फैन काफी खुश हैं। कपिल लंबे समय बाद बिग स्क्रीन पर दिखाई देंगे। खास बात




तो ये है कि फिल्म में कपिल शर्मा के साथ साउथ फिल्मों की जानी-मानी अभिनेत्री रश्मिका मंदाना, तृष्णा कृष्णनन और कार्थी जैसे कलाकार भी नजर आएंगे. सभी कलाकारों ने सोशल मीडिया पर अपने-अपने लुक का फर्स्ट पोस्टर शेयर किया है। कपिल शर्मा ने जो पोस्टर जारी किया है, उसमें वह ऑरेंज कलर की टी-शर्ट में नजर आ रहे हैं। उनके चेहरे पर बड़ी सी मुस्कान है। उन्होंने पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है- ये वाली मेरे फैंस के लिए। उम्मीद है, आपको पसंद आए. उन्होंने आगे बताया है कि ट्रेलर 4 सितंबर को रिलीज होगा। कपिल शर्मा को लंबे समय बाद बिग स्क्रीन पर देखने को लेकर उनके फैंस काफी उत्साहित हैं। उनके फैंस और फॉलोअर्स ने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी का इजहार भी किया है। कपिल शर्मा को नए अवतार में देखने के लिए उनके फैंस खासे उत्सुक हैं।

# शादी के 6 साल बाद मां बनने वाली हैं बिपाशा बसु



बिपाशा बसु और करण सिंह ग्रोवर ने हाल ही में अपनी प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट कर दी है। कपल ने सोशल मीडिया पर फोटोज शेयर कर अपने फैंस को यह खुशखबरी दी है। बिपाशा और करण शादी के 6 साल बाद पेरेंट्स बनने जा रहे हैं। बिपाशा ने प्रेग्नेंसी की न्यूज शेयर करते हुए बताया कि उनका बेबी जल्द ही इस दुनिया में आने वाला है। कपल ने मैटरनिटी फोटोशूट की फोटो शेयर करते हुए कैप्शन लिखा, "एक नया वक्त, एक नया फेज, एक नई रोशनी हमारी लाइफ के प्रिज्म में एक यूनिक शेड जुड़ने जा रहा है। हमारी लाइफ और फैमिली पूरी होने वाली है।

हमनें इस लाइफ की शुरूआत अकेले की थी और फिर हम एक दूसरे से मिले, जिसके बाद से सिर्फ हम दो ही थे। दो लोगों के लिए इतना ज्यादा प्यार, हमें थोड़ा अनफेयर लग रहा था। इसलिए, जो दो हुआ करते थे, जल्द ही तीन हो जाएंगे।"

# लाइगर में भारतीय दर्शकों को पसंद नहीं आए पूर्व बाक्सिंग स्टार माइक टाइसन, मेकर्स को लगा झटका

**मुंबई (ईएमएस)।** विजय देवरकोंडा दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार हैं। उनकी फिल्मों को काफी पसंद किया जाता है। हालांकि, हालांकि, लाइगर उनके लिए बेहद अनलकी साबित हुई है। यह फिल्म बाक्स आफिस पर बुरी तरह से फ्लॉप हुई, हालांकि इससे बहुत उम्मीदें लगाई जा रही थीं। 140 से 160 करोड़ रुपए के बजट से बनी फिल्म को बड़े स्तर पर प्रमोट किया गया था। इसके लिए स्टार कास्ट ने लोकल ट्रेन से लेकर सड़क चौराहे और कॉलेजों का भी दौरा किया और उस बीच देवरकोंडा को खूब प्यार मिला लेकिन लाइगर किसी को इंप्रेस नहीं कर सकी। अच्छी बात यह है कि इस फिल्म से अभिनेता को अच्छी खासी फीस ऑफर हुई. लीड एक्टर को लाइगर के मेकर्स ने 30 करोड़ रुपए का मेहनताना दिया, जिसके बारे में हम आपको पहले ही बता चुके हैं। गौरतलब है कि इससे पहले हम आपको लाइगर में अहम रोल निभाने वाले सभी स्टारकास्ट की फीस के बारे में जानकारी दे चुके हैं. लेकिन तब तक माइक टायसन के चार्ज के बारे में अपडेट नहीं था लेकिन



अब उनके पारिश्रमिक के बारे में भी पता चल गया है. रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म में कैमियो रोल निभाने के लिए अमेरिका पूर्व प्रोफेशनल बॉक्सर को 23-25 करोड़ रुपए का बड़ा अमाउंट मिला जो कि देवरकोंडा से सिर्फ थोड़ा कम है. लाइगर की टीम ने पूर्व विश्व के हैवीवेट बॉक्सिंग चैंपियन माइक टायसन को फिल्म में एक कैमियो भूमिका के लिए लाने का ये कारनामा करने में कामयाबी हासिल की है. इस फिल्म से टायसन ने भारतीय सिनेमा में अभिनय की शुरूआत भी की और वे हिंदी बेल्ट के बीच लोगों का अटेंशन लेने में कामयाब रहे. हालांकि, अब दर्शकों को दोनों ही सेलेब की ये फीस पैसों की बर्बादी लगी, चूंकि लाइगर की कहानी किसी को भी पसंद नहीं आई. फिल्म एक सप्ताह के अंतर से ही बॉक्स ऑफिस पर पिट गई और पूरे भारत में कई भाषाओं में 1 करोड़ रुपए कमाने के लिए संघर्ष कर रही है। यह फिल्म न तो क्रिटिक्स को पसंद आई और न इसे दर्शकों ने पसंद किया। अच्छी ओपनिंग के बावजूद फिल्म नेगेटिव वर्ड ऑफ माउथ की वजह से डूब गई। फिल्म के शो अब स्क्रीन से उतर रहे हैं, क्योंकि इसके चलते डिस्ट्रीब्यूटर्स को भारी नुकसान हुआ है। बताया जाता है कि इससे निर्माता को 50 करोड़ रुपए की चोट लगी है।

# खेसारी लाल ने सपना चौधरी संग मचाया बवाल

## -भोजपुरी के बाद हरियाणवीं में चला खेसारी का जादू

**मुंबई (ईएमएस)।** भोजपुरी सिंगर खेसारी लाल यादव ने भोजपुरी के बाद अपना सिक्का हरियाणवी में भी चला दिया है, जहां पर उनका हाल ही में सपना चौधरी के साथ सॉन्ग मटक मटक रिलीज किया गया था, जो कि अब तक यूट्यूब पर ट्रेंड कर रहा है। गाने का जलवा म्यूजिक लिस्ट इस कदर बरकरार है कि वो नंबर वन पर ट्रेंड कर रहा है। इसे 9 मिलियन से भी ज्यादा बार देखा जा चुका है. भोजपुरी गाना मटक मटक के वीडियो को 26 अगस्त को वाटस रिकार्ड के यूट्यूब चैनल की ओर से जारी किया गया है। इस गाने के जरिए एक्टर का नया और हरियाणवीं लुक देखने के लिए मिला है। उन्होंने इस पर पगड़ी और कुर्ता पायजामा पहना हुआ है, जिसमें उन्हें जमकर थिरकते हुए देखा जा सकता है। वो हरियाणवीं स्टाइल में काफी जंच रहे हैं। इस गाने के जरिए खेसारी और सपना चौधरी पहली बार साथ काम करते हुए नजर आ रहे हैं। गाने को रिलीज हुए 6 दिन ही हुए हैं। तब से



लेकर अब तक इस गाने को 9 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं और गाना यूट्यूब पर ट्रेंड कर रहा है। ये गाना म्यूजिक लिस्ट में टॉप में नंबर वन पर ट्रेंड कर रहा है। उनके गाने पर दर्शक खूब प्यार लुटा रहे हैं. वीडियो में देखने के लिए मिल रहा है कि खेसारी लाल यादव और सपना चौधरी शानदार डांस मूव्स दिखाए हैं। दोनों कलाकारों के कमाल के ठुमके तो सभी का दिल जीत रहे हैं। जहां खेसारी ने पहली बार हरियाणवीं म्यूजिक वीडियो में काम किया है। वहीं, सपना चौधरी भोजपुरी में पहले ही काम कर चुकी हैं। वो रवि किशन की बैरी कंगना 2 में आइटम सॉन्ग किया था। इसके अलावा भी उन्होंने कई फिल्मों में स्पेशल अपीयरेंस किया था। भोजपुरी में भी सपना की काफी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है. खेसारी का हरियाणवीं सॉन्ग मटक मटक को जहां खेसारी और सपना पर फिल्माया गया है, वहीं इसे विश्वजीत चौधरी ने अपनी बेहतरीन गायिकी से सजाया है। इसका म्यूजिक गुलशन म्यूजिक द्वारा तैयार किया गया है और कंपोजर भी वही हैं। गाने लिरिक्स आमिन बारुदी ने लिखे हैं और डायरेक्टर जीत घंघास हैं। कोरियोग्राफर साहिल कुमार हैं। प्रोडक्शन ब्रिजफिल्म्स का है। बता दें कि खेसारी आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। वो भोजपुरी से लेकर हिंदी तक में धमाल मचा चुके हैं। उनका कोई भी गाना आता है तो यूट्यूब पर ट्रेंड करता है। उनके गाने ट्रेंडिंग लिस्ट लंबे समय तक टिके रहते हैं। फैंस को उनके सॉन्गस का बेसब्री से इंतजार रहता है।

# कुणाल ने फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' से निर्देशन में रखा कदम

## -फरहान और रितेश के सहयोग बन रही फिल्म

**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्टर कुणाल खेमू अब फिल्म मडगांव एक्सप्रेस से अपने निर्देशन की शुरूआत करने जा रहे हैं। यह फिल्म फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी के एक्सेल एंटरटेनमेंट के सहयोग से बन रही है। कुणाल खेमू ने इसकी घोषणा की है और फिल्म के नाम से पर्दा उठाया है। कुणाल खेमू ने सोशल मीडिया पर मडगांव एक्सप्रेस के पोस्टर को साझा किया और कैप्शन में लिखा, गणपति बप्पा मोरिया। चूंकि सभी अच्छी चीजें उनके नाम से शुरू होती हैं, इसलिए मैं इसे आप सभी के साथ साझा करने के लिए, इससे बेहतर दिन की कल्पना नहीं कर सकता। यह मेरे दिमाग में एक आइडिया के साथ शुरू हुआ जो एक सपने में बदल गया जो मेरी उंगलियों से मेरे लैपटॉप पर शब्दों में बह गया और अब यह सिल्वर स्क्रीन पर एक सच्चाई बन रही है। वे आगे कहते हैं, मेरी स्क्रिप्ट और मेरे नजरिये पर विश्वास करने और सिनेमा की दुनिया में इस रोमांचक जर्नी पर मेरे साथ साझेदारी करने के लिए एक्सेल एंटरटेनमेंट के रितेश, फरहान और रुचा को बहुत-बहुत धन्यवाद।

हाथ जोड़कर और सिर झुकाकर मैं आप सभी का और गणपति बप्पा का आर्शीवाद चाहता हूं। पेश है- मडगांव एक्सप्रेस. कुणाल खेमू ने अपनी पत्नी सोहा अली खान और बेटी इनाया नौमी खेमू के साथ गणेश चतुर्थी मनाते हुए एक वीडियो भी पोस्ट किया, जिसमें उन्हें उनके घर के करीब एक मंदिर में गणपति पंडाल में जाते देखा गया।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपने फैंस को शुभकामनाएं देते हुए कहा, सभी को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं। भगवान गणेश आप सभी के जीवन में सुख शांति लाएं।गणपति बप्पा मोरिया. कुणाल खेमू के पास साल 2022 में कुछ प्रोजेक्ट्स हैं, जिनमें विपुल मेहता की कंजूस मक्खीचूस और राज एंड डीके की अमेजन प्राइम सीरीज गुलकंद शामिल हैं।

## सूडोकु नवताल- 6183

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6182 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल- 6930

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ख | न | र | कु | डु | प्ली | के | ट | ला | नी | क |
| ज | या | फु | ज | इं | डो | ने | ह | क | गु | प |
| फ | दौ | आ | ट | म | न | इ | दो | न | ना | म |
| च | र | रा | मा | पा | ल | स | रा | प | ह | ह |
| स | म | बा | ज | त | त | उ | हें | ख | री | म |
| डै | जे | ज | र | नी | द | ला | म | ल | ड़ | द |
| डी | मा | दे | ख्म | व | बा | स | म | पी | ख | स्त |
| र | दे | श | बा | र | प | र | थ | ड़ | भ | क |
| म | दि | ल | क | ले | दा | र | ल | क | थ | थ |
| क्षि | ज | ति | त | हि | द | ह | मा | ह | ल | है |
| ते | रा | जा | क | दि | प | ने | सा | थी | स | म |

शब्दजाल में महेश भट्ट निर्देशित 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए.शब्द ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

फुटपात, राज, जख्म, डुप्लीकेट, दो राहें, दस्तक, गुनाह, साथी, डैडी, नया दौर,

### शब्दजाल - 6929 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | श | मु | फ | रे | ब | हो | प | न | र | त |
| क्स | क्रि | पिं | ना | द | म | जा | जा | गो | घा | छ |
| न | के | ज | हे | नि | इं | ना | न | व | टि | दि |
| बी | ट | र | न | शा | वा | त | क | ले | ज | ल |
| च | दा | त | प | ने | तो | हो | का | गो | ब | प |
| ब | त | त | स | ग | स | ए | व | म | वॉ | र |
| द | प | शू | न | त्या | व | ह | अ | गो | प्ला | म |
| क | र | क | ल | र | ह | भा | र | चो | आ | त |
| र | व | त | म | ए | भी | क | क | अ | न | ले |
| जू | बे | दा | त | र | क | ता | ण | र | ह | या |
| मुं | ब | र्ल | न | आ | प | म | क | प | स्त | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 5883

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 7 | 5 | | 1 | |
| | 32 | 3 | 40 | 1 | 28 | 7 |
| 1 | | 6 | | | 2 | |
| 3 | 26 | 2 | 40 | 7 | 34 | 6 |
| | | 4 | | 2 | | 3 |
| | 30 | 1 | 28 | | 29 | 5 |
| 7 | | | 2 | 3 | 6 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 5882 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 38 | 6 | 32 | 1 | 30 | 7 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 3 | 6 | 1 |
| 1 | 26 | 2 | 34 | 4 | 31 | 5 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 2 | 7 | 3 |
| 3 | 26 | 4 | 38 | 5 | 36 | 6 |
| 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

स्वामी एवं संपादक इंद्रा द्वारा S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092 से जारी

Customer Care No:- 8375000672, For News & Advertisement- 8375000984, Email-info@delhicrimepress.in, Website- www.Delhicrimepress.in